अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 34 | अंक 269 | अलवर, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य: एक रु.

अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

बहरोड़, भिवाड़ी, राजगढ़, तिजारा, कोटकासिम, थानागाजी, मालाखेड़ा, लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, कठूमर, खेड़ली, बानसूर, खैरथल, गुरुग्राम, धारूहेड़ा व रेवाड़ी से प्रसारित

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव 2024

# भाजपा का 'मास्टर-स्ट्रोक'

### भाजपा ने एक बार बार फिर जन-जन की पार्टी होने का आमजन तक पहुंचाया संदेश





**चंद्रप्रकाश सैनी**

**अलवर, 21 अक्टूबर । सत्ता+संगठन+समाज+संघर्ष+सुखवंत +सहानुभूति=सफलता सौ प्रतिशत का मास्टर स्ट्रोक भाजपा ने इस बार खेल लिया है। जिसके इस बार सार्थक परिणाम आने की प्रबल संभावनाएं बढ़ती जा रही है।**

भाजपा ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव-2024 में मतदान से तेईस दिन पूर्व प्रत्याशी घोषित कर पहला मुकाबला जीत लिया है। ढ़ाई लाख मतदाओं का मन मस्तिष्क और ट्रेंड से भाजपा के सुखवंत सिंह सहानुभूति और संघर्ष के बल पर इस बार राज्य विधानसभा की सीढ़िया चढ़ सकेंगे।

विगत 31 वर्ष से एक बार छोड़कर भाजपा ने एक ही परिवार को टिकट दिया जिसमें उसे सिर्फ तीन बार सफलता मिली। इस परंपरा को तोड़कर भाजपा ने जन-जन तक यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह आमजन की पार्टी है तथा योग्य, संघर्षशील, सामाजिक व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाने में आज भी सर्वसम्मत राय कायम रखती है। इस संदेश को आमजन तक पहुंचाने में भाजपा पूर्णत: सफल रही है। इसकी सफलता में सिर्फ और सिर्फ ज्ञानदेव-जयआहूजा परिवार तथा रालोपा के हनुमान बेनीवाल ही रोडा बन सकते हैं जिनकी आंशिक संभावना नजर आ रही है।

भाजपा के टॉप 10 नेताओं में शामिल केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा सफल संगठक भूपेंद्र यादव की सूझबूझ, चुनावी रणनीति और आमजन तक पहुंचकर समस्या समाधान ने इस मार्ग को और अधिक प्रशस्त कर दिया है।

भाजपा से अलवर सांसद भूपेंद्र यादव सीमित, संपूर्ण शिक्षित, संयमित तथा संतुलित स्वभाव के संघर्षशील व्यक्तित्व है जिनकी जिनकी कार्यशैली और टू दी प्वाइंट पॉलिटिक्स ने अलवर में राजनीति की दशा को भांपकर एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। जिसके परिणाम विगत साढ़े चार माह से लगातार सामने आ रहे हैं। यह भी सच है कि भूपेंद्र यादव पिछले तेरह वर्ष से भाजपा की सक्रिय राजनीति में सतत संघर्ष के बल पर सर्वश्रेष्ठ बने हुए हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस हर बार की तरह इस बार भी फिसड्डी साबित हो रही है। विगत साढ़े 34 वर्षों से भी अधिक समय से कांग्रेस ने एक ही परिवार में जुबेर-साफिया को ही उम्मीदवारी प्रदान की है जिसमें उसे 5 बार सफलता मिली है। चार बार जुबेर खां तथा एक बार साफिया जुबेर रामगढ़ से विधायक बनने में सफल रहे हैं।

इस बार विधायक जुबेर खान के निधन से रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है जिसमें सर्वविदित है कि कांग्रेस टिकट साफिया, आर्यन तथा आदिल में ही रहेगा। यानी कि परंपरा यथावत रहेगी।

इसके खिलाफ बगावत के सुर अब रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर समाज से मुखर हो रहे हैं। जिसके चलते कांग्रेस की मुसीबतें बढ़ने की संभावना बढ़ती जा रही है। पहले वार में कांग्रेस चित्त हो चुकी है।

भाजपा को सत्ता, संगठन, समाज, संघर्ष, सुखवंत व सहानुभूति का लाभ भी मिलने की प्रबल संभावना है। अधिकांशत: सत्ताधारी दल ही उपचुनाव जीतते रहे हैं।

इस बार की चुनावी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से सुखवंत सिंह चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। उन्हें भाजपा के परंपरागत वोटों के अलावा हरियाणा के चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में दिलाकर चौंकाने वाले नायब सिंह सैनी का हरियाणा बॉर्डर से लाभ मिलना भी सुनिश्चित है।

हरियाणा में वंचित ओबीसी वोटों के बल पर कांग्रेस का तख्ता पलट करने वाले नायब सिंह सैनी के कारण माली, कुम्हार, सुनार, खाती, लखेरा, रैबारी, गाड़िया लुहार, स्वामी तथा अन्य वंचित ओबीसी का बड़ा वोट बैंक भाजपा के सुखवंत को मिलने की प्रबल संभावना है।

इसके अलावा पुरुषार्थी, वैश्य, ब्राह्मण, राजपूत का वोट भाजपा को मिलता रहा है। उसके इस बार भी बने रहने की उम्मीद लगातार बढ़ रही है। ओड राजपूत का मतदान भी भाजपा के पक्ष में जाता नजर आ रहा है। कांग्रेस को अल्पसंख्यक मतदाताओं के अलावा अनुसचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा जुबेर के निधन से उपजी सहानुभूति का मतदान में बदलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव 2024 का परिणाम एक माह दो दिन के उपरांत मिल सकेगा। इससे पूर्व 13 नवंबर को मतदान के प्रतिशत से चुनाव की हार-जीत की तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी।

## तन्मय कुमार बने वन और पर्यावरण सचिव

**जयपुर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** कभी मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सचिव रहे तन्मय कुमार को भारत सरकार ने वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

तन्मय राजस्थान कैडर के आईएस है तथा जुलाई, 26 में इनका रिटायरमेंट होगा ।

वन मंत्रालय के मंत्री भूपेंद्र यादव के तन्मय काफी निकट है। तन्मय अभी तक इसी विभाग में अतिरिक्त सचिव पद पर कार्य कर रहे थे ।

## उत्पात मचाते 5 गिरफ्तार

**बहरोड़, 21 अक्टूबर ( निसं )।** कोतवाली पुलिस ने रात्रि के समय उत्पात मचाने वाले चार व्यक्तियों और जांच के दौरान अपना पता गलत बताकर पुलिस को गुमराह करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी महेश तिवाड़ी ने बताया कि कस्बा क्षेत्र में रात्रि के समय उत्पात मचाने के मामले में फतेह सिंह 20 पुत्र फुलसिंह, विक्रांत 25 पुत्र विक्रम, सन्दीप 25 पुत्र सुन्दर सिंह, रामबिलाश 29 पुत्र सतीष निवासी पीपा का नांगल थाना नांगल चौधारी हरियाणा व गलत नाम पता बताकर पुलिस को गुमराह करने के मामले में सुमित कुमार 35 पुत्र सुबेसिंह निवासी हमींदपुर को गिरफ्तार किया है।

## पुराना सूचना केंद्र में 4 दिवसीय दिवाली बाजार

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** नगर निगम, अलवर की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह द्वारा आयोजित दिवाली बाजार 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024, दोपहर 2.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक पुराना सूचना केन्द्र, कम्पनी बाग के सामने, अलवर में लगाया जाएगा।

जिसमें शहरवासी आमंत्रित हैं। यह दिवाली बाजार सैन्सेशन ब्यूटी संस्थान की ओर से लगाया जाएगा।

## तिबतन रिफ्यूजी मार्केट का शुभारंभ

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** अलवर शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिबतन रिफ्यूजी मार्केट का शुभारंभ आज किया गया है ।

तिबतन रिफ्यूजी मार्केट की अध्यक्ष सुबुलामो ने बताया कि रविवार सुबह हमारे मार्केट का शुभारंभ गौरव शर्मा ने फीता काट कर किया। हमारा मार्केट वंडर मॉल के सामने है।

सुबुलामो ने बताया कि हम अलवर शहर में पिछले 28 सालों से यह मार्केट लगाते आ रहे हैं। अब 29वीं बार शुभारंभ किया गया है। अलवर के लोगों ने हमसे बहुत प्यार किया है। बहुत मान सम्मान दिया है। हमारे मार्केट में सर्दी से सम्बंधित सभी प्रकार के कपड़े मिलते है।

बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक के अलग-अलग वैरायटी के कपड़े मिलेंगे। यह मार्केट 2025 के मार्च महीने तक लगेगा।

**भगवत-चिंतन**

## प्रार्थना एक भाव दशा

प्रार्थना शब्दों से भी हो सकती है लेकिन केवल शब्द कभी भी प्रार्थना नहीं हो सकते हैं। प्रार्थना केवल शब्दों के समूह का नाम नहीं है अपितु प्रार्थना एक भाव दशा का नाम है। प्रार्थना अर्थात वह स्थिति जब हमारे द्वारा प्रत्येक कहे-अनकहे शब्द को प्रभु द्वारा सुन लिया जाता है। प्रभु की प्रत्यक्ष उपस्थिति के अनुभव का नाम ही प्रार्थना है।

पुकार अर्थात प्रभु से आग्रह, अपेक्षा और किसी चाह विशेष की स्थिति। प्रार्थना हृदय की वह भाव -दशा है जब हमारे पास परम धन्यता और कृतज्ञता के सिवा कुछ और शेष न रहे। जो मिला है उसके लिए प्रत्येक क्षण अहोभाव से हृदय भर उठे और आँखे सजल होकर गोविन्द को याद करने लगे। पुकार में शब्दों की उपस्थिति होती है और प्रार्थना में प्राणों की। जैसे-जैसे शब्द मिटते हैं तो पुकार, प्रार्थना बनती चली जाती है।

**-महंत सुमेर गिरी महाराज**

## न्याय की देवी की नई मूर्ति स्थापित

**अलवर, 21 अक्टूबर ( नसं )।** सर्वोच्च न्यायालय में न्याय की देवी की नई मूर्ति स्थापित की गई है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ की सेवानिवृत्ति से पहले एक अच्छा काम किया गया है।




विधि विशेषज्ञ एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ. सुरेन्द्र यादव का मानना है कि इससे उपनिवेशवाद का अन्त होगा और अब यह मूर्ति समाज में बराबरी की प्रतीक तराजू दिखा रही है।

मूर्ति का रंग काले से हटा कर सफेद कर शान्ति स्थापित करने की कोशिश है। मूर्ति का प्लेटफार्म भी सफेद ही है। मूर्ति की आंखों पर से पट्टी हटाई गई है ताकि न्यायमूर्ति सच-झूठ को देख सके । बायें हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की किताब रखी गई है।

स्केल लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा इससे प्रकट होगी। स्केल कालेज के निदेशक डॉ. संकेत यादव व सहायक आचार्य डा. लक्ष्मी सोनी, वंदना सैनी, सुरेश मीणा व प्रदीप यादव ने स्वागत किया है।

## भिवाड़ी में दो सिक्योरिटी गार्ड पर लाठी-डंडों से हमला

**भिवाड़ी, 21 अक्टूबर ( निसं )।** औद्योगिक क्षेत्र रामपुर मूंडाना में एक निर्माणाधीन कंपनी के अंदर रात के समय ड्यूटी कर रहे दो गार्डों पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया।

जिसमें दोनों ही गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। एक गार्ड की स्थिति गंभीर होने के चलते उसे अलवर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मामला देर रात का बताया जा रहा है।

पीड़ित गार्ड ने भिवाड़ी थाने में लिखित में शिकायत दी है और पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

घटना की जानकारी लगते ही भिवाड़ी थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई है।

भिवाड़ी अस्पताल में भर्ती गार्ड विकास ने बताया कि वो और उसका साथी गार्ड मोहन शनिवार रात को कंपनी में ड्यूटी कर रहे थे, तभी वहां के कुछ लोग कंपनी में घुसकर कंपनी में रखा सामान उठाने लगे।

जब उन्होंने मना किया तो उन लोगों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने दोनों ही गार्ड की डंडों से बुरी तरह पिटाई की। जिसमें दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

## त्रिपुरा राइफल्स के जवान ने खुद को मारी गोली

**भिवाड़ी, 21 अक्टूबर ( निसं )।** त्रिपुरा राइफल्स में तैनात आजाद सिंह मीणा (47) पुत्र लाल सिंह मीणा ने शुक्रवार रात 11 बजे अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

घटना छत्तीसगढ़ के कुसमुंडा कोयला खदान क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान घटी। आजाद सिंह कोटकासिम के शिलपटा गांव के निवासी थे। सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शनिवार शाम को पार्थिव शरीर को पैतृक गांव के लिए रवाना कर दिया। उनका पार्थिव शरीर रविवार देर शाम तक गांव पहुंचेगा, जहां पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

छोटे भाई सतीश मीणा ने बताया कि बड़े भाई धन सिंह बीएसएफ में तैनात हैं। दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर पहुंच गए थे, जबकि आजाद सिंह को 25 अक्टूबर को घर आना था।

लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत की खबर आ गई। मां रेवती देवी का 24 साल पहले ही निधन हो गया था और उनके 72 वर्षीय पिता लाल सिंह मीणा घर में ही उनके साथ रहते हैं। आजाद सिंह की मौत की खबर उनकी पत्नी मंजू देवी को भी दे दी गई है। खबर सुनने के बाद पत्नी मंजू देवी और उनके बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव की बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष उन्हें सांत्वना देने में लगे हुए हैं।

**1998 में त्रिपुरा राइफल्स में हुई थी पोस्टिंग :** मृतक के छोटे भाई सतीश मीणा ने बताया कि आजाद सिंह की पोस्टिंग 1998 में त्रिपुरा राइफल्स में हुई थी और एक साल पहले ही उनका तबादला छत्तीसगढ़ में हुआ था। आजाद सिंह के परिवार में उनकी पत्नी मंजू देवी और चार बच्चे हैं, कंचन (21), प्रिया (19), अंतिमा (17) और दिलीप (15)। कंचन बीएड सेकंड ईयर की छात्रा है। प्रिया एसटीसी सेकंड ईयर की छात्रा है, जबकि अंतिमा और दिलीप दसवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं।

भाई धन सिंह ने बताया कि आजाद की मौत को संदिग्ध है। वो सुसाइड नहीं कर सकता है। मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाएंगे, क्योंकि उन्हें संदेह है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि किसी अन्य कारण से हुई मौत है।

**चौथ माता की पूजा**



श्री बैकुंठ धाम मंदिर में सुसज्जित चौथ माता की पूजा कर कथा सुनती सुहागिनें।

**चतुर्थी पर स्नेह अपार**



गौवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित मंदिर में श्रीनाथजी।

## बानसूर के 49 गांवों को बीड़ा से बाहर करने की मांग

**बानसूर, 21 अक्टूबर ( नसं )।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बीड़ा में शामिल गांवों को बाहर करने की मांग की है। उन्होंने पत्र लिखकर मांग कि है कि कांग्रेस सरकार में उद्योग और वाणिज्य विभाग की ओर से बानसूर विधानसभा क्षेत्र के 49 राजस्व गांवों को भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण (बीड़ा) भिवाड़ी में बिना किसी आधार, आवश्यकता व बिना कोई सर्वे कराए और आमजन की सहमति जाने बिना ही भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण भिवाड़ी (बीड़ा) में शामिल कर दिया गया था और उपखण्ड बानसूर का पुलिस मुख्यालय और अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय भी भिवाड़ी कर दिया गया था।

जिसको लेकर बानसूर बचाओ अभियान आंदोलन किया गया उसके बाद तात्कालीन कांग्रेस सरकार की ओर से किये गये गलत निर्णय को दुरुस्त करते हुए पुलिस मुख्यालय और अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय को वापस जिलाअलवर में कर दिया गया। जिसकी दूरी बानसूर उपखण्ड से लगभग 40 किलोमीटर है। लेकिन अभी 49 राजस्व ग्राम अभी तक बीड़ा में शामिल है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राजकीय कार्यालयों (पशु उपकेन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, पटवार घर, आगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल खेल मेदानों) के लिए आवश्यक प्रकरणों में भी भूमि आवंटन के लिए अनावश्यक देरी होती है।

## यूआईटी थाना अधिकारी के खिलाफ वकीलों का धरना, एएसपी की समझाइश के बाद समाप्त

### थाने में मारपीट करने और छोड़ने की एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप

**भिवाड़ी, 21 अक्टूबर ( निसं )।** भिवाड़ी यूआईटी थानाधिकारी सत्यनारायण पर थाने में बंद एक वकील के भाई के साथ मारपीट करने और उसे छोड़ने की एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने, साथ ही वकील से अभद्र व्यवहार करने के आरोप में शनिवार को वकीलों ने यूआईटी थाने के सामने धरना दिया। यह धरना रात को एएसपी अतुल साहू के हस्तक्षेप से समाप्त हो गया।

वकील यूआईटी थानाधिकारी सत्यनारायण को सस्पेंड करने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर वकीलों ने भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी को लिखित शिकायत भी दी, जिसमें थानाधिकारी पर रिश्वत मांगने और वकील के भाई को लॉकअप में बंद करने, वकील से अभद्र व्यवहार करने की बात कही गई।

दोपहर में पुलिस ने एक महिला हेड कॉन्स्टेबल से वकील राहुल खान के भाई शरीफ के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज करवा दिया।

जब वकीलों को इस मामले का पता चला, तो उन्होंने धरना जारी रखने का फैसला किया और रात 8:30 बजे सभी वकीलों ने धरना स्थल पर ही भोजन किया।

रात 9:30 बजे एएसपी अतुल साहू ने धरना स्थल पर पहुंचकर मामले को शांत करने की अपील की। वकीलों ने अपनी मांगें रखते हुए कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, महिला कॉन्स्टेबल द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मामले को वापस लिया जाए और पेट्रोल पंप पर हुई लूट व मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एएसपी ने सभी मांगों को मानते हुए उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद वकीलों ने करीब 10:30 बजे धरना समाप्त कर दिया।

भिवाड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राकेश दायमा ने बताया कि एएसपी ने थानाधिकारी सत्यनारायण के खिलाफ विभागीय जांच कराने, पेट्रोल पंप लूट के मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने और महिला कॉन्स्टेबल द्वारा दर्ज कराए गए मामले में एफआर लगाने का आश्वासन दिया है।

एएसपी अतुल साहू ने बताया कि शुक्रवार रात नायरा पेट्रोल पंप पर हुई झगड़े की घटना को लेकर वकील का भाई यूआईटी थाने में शिकायत दर्ज कराने आया था। जांच के दौरान कुछ गलतफहमी हो गई, जिसके चलते विवाद उत्पन्न हुआ। एसपी के निर्देश पर मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाएगी, और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

## मूक बधिर बच्चों के बीच मनाई दीपावली की खुशियां

**अलवर, 21 अक्टूबर ( नसं )।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दीपोत्सव की खुशियां कार्यक्रम की शुरूआत नाहर शकित मूक बधिर व अंध विद्यालय में बच्चों को उपहार व शिक्षण सामग्री वितरण से हुई। इस कार्यक्रम में यहां सेवा कर रही शिक्षिकाओं को भी सममानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अनुपम चौधरी अग्रवाल के जन्म दिन का केक इन मूक बधिर बालकों ने काटा।




नेक कमाई फाउंडेशन के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि दीपोत्सव की खुशियां तभी अच्छी लगेंगी, जब हम उन वंचित और जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशियां लाए। युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने कहा कि इस अभियान से शहर की कच्च बस्तियों में बच्चों और जरूरतमंदों को आवश्यक वस्तुएं वितरित होंगी।

हमारा यह अभियान दीपोत्सव के तीन दिन बाद तक चलेगा। समाजसेवी सीए सुशील बंसल ने कहा कि हमें अपना जन्म दिन अभावों में जी रहे बच्चों के बीच ही मनाना चाहिए। कार्यक्रम में गुरप्रीत सिंह पवित्र ने आभार जताया। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कच्ची बस्तियों में जाकर बच्चों और महिलाओं को कपड़े वितरित किए जा रहे हैं।

इस अभियान की शुरूआत हो गई है। इस अभियान में डॉ गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट और गुलाब देवी बंसल ट्रस्ट का सहयोग है।

## नाथ योगी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय

**नारायणपुर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** कस्बा स्थित बाबा पीर संज्यानाथ आश्रम में रविवार को जोगी समाज की बैठक का आयोजन अध्यक्ष सुरज्ञानी योगी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के लोगों द्वारा दिसंबर के अंतिम सप्ताह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही समाज के लोगों ने बालिका शिक्षा को बढ़ाने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का फैसला लिया।

इस मौके पर सतीश योगी, महावीर योगी, घनश्याम योगी, रोशन लाल योगी, अशोक योगी, महेंद्र योगी, महेश योगी, विक्रम योगी, देशराज योगी, नरसिंह योगी, सुबेराम योगी, श्रीकांत योगी आदि उपस्थित रहे।

**पांडुपोल सरकार, भव्य दरबार**



श्री पांडुपोल हनुमान जी महाराज की आकर्षक झांकी।

## 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय एथलेटीक्स छात्र-छात्रा प्रतियोगिता हुई आयोजित

**गंगापुर सिटी।** 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय एथलेटीक्स छात्र-छात्रा प्रतियोगिता 2024 शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर 3 गंगापुर सिटी मे आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सभापति शिवरतन अग्रवाल ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, ध्वजारोहण एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर कुहू इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एवं समाजसेवी हेमंत शर्मा, निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा, महिला जागृति संस्थान की अध्यक्ष कुसुम गुप्ता, पार्षद बबलू चौधरी,पार्षद कमलेश महावर, पार्षद रवि गोठवाल , समस्त शिक्षकगण एवं समस्त छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**वजीरपुर।** उपखण्ड क्षेत्र के समीप गांव वडौली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68 बी जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 17-19 वर्ष वाले छात्रों भाग लेंगे उद्घाटन ब्लांक शिक्षा अधिकारी महेश चन्द्र मीणा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश कुमार मीणा अध्यक्षता करण फूल मीणा वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी खेल प्रकोष्ठ गंगापुर सिटी ने की प्रतियोगिता संयोजक सत्यनारायण मीणा ने सभी भामाशाहों व अतिथियों का स्वागत किया । प्रतियोगिता जिला संयोजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 12 इन्वेस्ट में 200 खिलाड़ी भाग लें रहे हैं। इस दौरान स्थानीय गांव के निवासी सेवानिवृत्ति कस्टम अधिकारी छोटे लाल मीणा ने स्थानीय विधालय में मुख्य गेट प्रवेश द्वार का निर्माण पांच लाख रुपए की राशि से बनवाया गया। उनके द्वारा लोकार्पण किया गया। तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी टीमों को भोजन करवाया गया। मंच संचालक दीपक कुमार मीणा ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र मीणा भी उपस्थित रहे थे।

## मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के चुनाव हुए संपन्न

**चाकसू।** पुरुषोत्तम टेलर जिला अध्यक्ष पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जिला जयपुर के निर्देशन में पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ब्लॉक कार्यकारिणी समिति, पंचायत समिति चाकसू जिला जयपुर (ग्रामीण) का शुक्रवार को चुनाव पर्यवेक्षक सदीप वर्मा एवं अम्बालाल मीना के निर्देशन में कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुये। सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष एवं सदस्यों की कार्यकारिणी के पदों का आवंटन किया गया। जिनमे मुख्य संरक्षक गिर्राज गौतम, अध्यक्ष राजेन्द्र नामा,उपाध्यक्षश्रीमती गीता चौधरी , महामंत्री शिवराज बैरवा, कोषाध्यक्ष आदर्श जैन,सचिव जगदीश नारायण कुम्हार, जिला प्रवक्ता एवं आई.टी.प्रभारी,अजीत कुमार जैन,संगठन मंत्री राजेश कुमार बड़गुजर,महिला मंत्री सुश्री स्नेहा सिंह अमित, कार्यालय मंत्री भरत लाल जाट, संयुक्त मंत्री मुकेश कुमार शर्मा, मिडिया प्रभारी प्रहलाद चौधरी, संयुक्त सचिव सौभाग मल रैगर को बनाया गया।

## रक्तदान शिविर में 134 जनों ने किया ब्लड डोनेशन

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम पंचायत हांसपुर की ढाणी बिंजावाली निवासी शहीद महेश कुमार निठारवाल की छठवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर और छात्र-छात्रा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को हुआ। शहीद महेश निठारवाल स्मृति संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक एवं शहीद के भाई राजेश निठारवाल ने बताया कि शाम तक कुल 134 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और इलेक्ट्रिक केतली देकर सम्मानित किया गया। विधायक एवं मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा ने बताया कि शहीद महेश निठारवाल स्मृति संस्थान के लिए आवंटित भूमि में चारदीवारी निर्माण के लिए विधायक कोटे से 4 लाख रूपए की राशि की स्वीकृति की गई है। पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती और यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा के आतिथ्य आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर व एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अतिथियों एवं ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प चक्र चढ़ाकर शहादत को नमन किया।

# दीपावली पर रंगीन व मनमोहक रोशनी से गुलजार होगा एमआई रोड व परकोटा

### बाजारों की एंट्री पॉइंट पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं





**जयपुर।** दीपावली पर हर साल, रंगीन व मनमोहक रोशनी से गुलजार दिखने वाले गुलाबी नगरी के बाजार इस बार भी विशेष सजावट में जुट गए हैं। बाजारों की एंट्री पॉइंट पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं तो एक छोर से दूसरे छोर तक चमकीली फरियों से सजाया जा रहा है। हर बाजार की अपनी एक थीम है। दिवाली पर एमआई रोड व परकोटे के बाजार रोशन होंगे।

जौहरी बाजार राम राज्य स्थापना का संदेश देता नजर आएगा तो चांदपोल में इजिप्ट के पिरामिड की आकृति का प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है, जो दूर से पिरामिड के समान ही नजर आएगा। एमआई रोड राइजिंग राजस्थान की थीम पर दमकता देखा जा सकेगा। यहां राजस्थान का उगता सूरज नजर आएगा। चौड़ा रास्ता में रनिंग लाइट के सुनहरे पेड़ लोगों को आकर्षित करते नजर आएंगे । जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि शहर के बाजारों में सामूहिक सजावट होगी, इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाजार में करीब 10 दिन सजावट होगी, इसलिए विज्ञापन करने की छूट मांगी गई है। इसे लेकर महासंघ का प्रतिनिधिमंडल ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर व हेरिटेज मेयर कुसुम यादव से मिला। सरकार से सामूहिक सजावट के लिए बिजली दरों में छूट मांगी है।

एमआई रोड व्यापार मंडल महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि चाइनीज की जगह परंपरागत 40 वाट के बल्ब व भारत में बनी एलईडी लाइट का उपयोग कर रहे हैं। इस बार प्रवेश के लिए 6 गेट बनवाए हैं। एक गवर्नमेंट हॉस्टल, एक अजमेरी गेट और चार गेट पांच बत्ती पर नजर आएंगे। पांच बत्ती पर राइजिंग राजस्थान के दीप जलते दिखाई देंगे।

## बांसवाड़ा के संस्थापक वीर सपूत राजा बांसिया चरपोटा के वंशजों ने संस्मरण सुनाए

**बांसवाड़ा।** शनिवार को नो बैग डे पर मोटिवेशनल कक्षाओं की शुरुआत संस्था प्रधान अरुण व्यास की अगुवाई में, वंशजों के विशिष्ठ आतिथ्य में ओर नासिर अली अंसारी व्याख्याता की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक की गई। उल्लेखनीय हैं कि प्रत्येक सरकारी विद्यालयों में होगा मोटिवेशनल कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश की पालना में आज वक्ताओं ने बांसवाड़ा के संस्थापक वीर सपूत राजा बांसिया चरपोटा से संबंधित युद्ध कौशल, विकास हेतु श्रेष्ठ आयाम, परिवार का परिचय जन्म से लेकर मृत्यु तक कई संस्मरण सुनाए। सांस्कृतिक प्रभारी भेरूलाल डोडियार ने माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के निदेशक आशीष मोदी ने मोटिवेशनल कक्षाओं की शुरुआत कर ऐतिहासिक परिचय में बांसवाड़ा की स्थापना में वीर राजा बांसिया जी चरपोटा अमरथून का महत्व, वर्षो पूर्व गुजरात से पलायन कर नागर समाज को अमरथून की पहाड़ियों पर कुछ दिन स्थान देना और उनके द्वारा देवी मंदिर में माता अम्बे की आराधना करना, वीर सपूत राजा बांसिया चरपोटा के परिजनों के नाम पर डायलाब, बाई तालाब, नाथेलाव सहित अनेक सराए, कुएं,बावड़ी,राजमहल कि स्थापना करते हुए प्रजा वत्सल रहे। डोडियार ने बताया कि इस वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25 में राजस्थान के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अभिप्रेरणा कक्षाओं के आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सह शैक्षिक गतिविधियां शिविरा पंचांग के अनुसार प्रत्येक शनिवार को नो बैग डे के दिवस पर संचालित की जाती रहीं है।

### जेडीए सचिव ने ली समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक

## 12 मुख्य सडकों से 31 अक्टूबर तक हटायें जाएंगे अतिक्रमण/अवरोध




**जयपुर।** माननीय स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के मार्गदर्षन में जेडीए सचिव निषांत जैन की अध्यक्षता में शनिवार को जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को शहर में संचालित कोचिंग इंस्टीट्यूट के संबंध में जेडीए से संबंधित बिंदुओं की जांच करने के निर्देष दिये। उन्होंने अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों को 12 मुख्य सडकों पर अवरोधों/अतिक्रमणों के कारण सडक निर्माण नहीं हो पा रहा है, ऐसे अवरोधों/अतिक्रमणों को 31 अक्टूबर, 2024 तक हटवाने के निर्देष दिये। जेडीए सचिव ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में भूमि आवंटन के प्रकरणों को 15 नवम्बर, 2024 तक पूर्ण करने के निर्देष दिये। जेडीए सचिव द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र की समस्त ऑनलाईन सेवाओं की पेडेंसी शून्य करने के निर्देष दिये। उन्होंने डीटीएस/सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को गुणात्मक रूप से 30 दिवस में लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्ताकरण करने के निर्देष दिये। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 हेतु आवष्यक सुधारीकरण/सौंदर्यीकरण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जोनवार समीक्षा करते हुए कर्व स्टोन की मरम्मत करवाने, मीडियन में पेड लगवाने, रोड पेच वर्क एवं साफ-सफाई करवाने, विभिन्न आवष्यक स्थानों पर लाईटिंग, विद्युतीकरण कार्य, जैसे इत्यादि कार्य करवाने के निर्देष दिये।

## 25 वें वार्षिकोत्सव विशाल भजन अमृत रस गंगा का आयोजन

### श्रीमाधोपुर में विशाल भजन संध्या आयोजित





**श्रीमाधोपुर।** श्री श्याम सत्संग मंडल एवं श्री श्याम सेवा समिति की ओर से गुरुवार रात को 25वें वार्षिकोत्सव विशाल भजन अमृत रस गंगा का आयोजन श्रीमाधोपुर के स्टेशन रोड सब्जी मंडी चौराहा के पास किया गया।

कार्यक्रम में बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया। वहीं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। भजन संध्या के दौरान दिल्ली के कलाकारों द्वारा अनेक सजीव झांकियों का प्रदर्शन करके दर्शकों एवं श्रोताओं को रातभर खूब नचाया। भजन संध्या में जयपुर की भजन गायक मीनू जयसवाल, अमित नामा जयपुर और गायक संतोष व्यास ने एक से बढ़कर एक बाबा श्याम के भजन सुनाए, जिन्हे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए। भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान मंडल और समिति के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भामाशाहों का प्रतीक चिन्ह देकर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। भजन संध्या के दौरान बावड़ी आश्रम के महंत महामंडलेश्वर औंकारदास महाराज, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के बेटे अजय सिंह खर्रा, ओएनजीसी के स्वतंत्र निदेशक डॉक्टर माधव सिंह, श्री श्याम सेवा समिति अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, श्री श्याम सत्संग मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, संरक्षक बजरंगलाल अमरसरिया, अशोक सोनी, बीएल कुमावत, पार्षद रोशन बिजारणियां सहित काफी संख्या में श्रोता गण मौजूद थे।

### एक ही छत के नीचे परिवार की जरूरत पूरी हो सके

## उपहार स्टोर पर मिलेंगी ताजी सब्जियां और फल



**जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) ने ग्रीन इनीशियेटिव के तहत सहकार भवन स्थित अपने उपहार स्टोर से शुक्रवार को सब्जियों और फलों की बिक्री प्रारम्भ की गई। उपहार स्टोर पर चौमूं के मीठे पानी की ताजी सब्जियां और सीजनल फल की पूरी वैरायटी उपलब्ध कराई गई है ताकि एक ही छत के नीचे परिवार की जरूरत पूरी हो सके। स्टोर का शुभारम्भ करते हुए शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग मंजू राजपाल ने कहा कि कॉनफैड का यह ग्रीन इनीशियेटिव आमजन के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये किया गया नवाचार है। इस स्टोर पर सीजनल फलों तथा चौमूं क्षेत्र में मीठे पानी से उपजाई ताजी सब्जियां प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयोग सफल होने पर उपहार के अन्य स्टोर पर भी सब्जियां उपलब्ध कराने की योजना है। राजपाल ने कहा कि सहकारिता एक सबके लिये सब एक के लिये के मूल मंत्र को अपनाते हुए कार्य करती है और इसी ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए हम नवाचारों को अपना रहे हैं। इस अवसर पर कॉनफैड की प्रबंध संचालक शिल्पी पाण्डे, महाप्रबंधक अनिल कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एबीडीएम जिला बैठक 20 अक्टूबर को

**बारां।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ (एबीडीएम) की जिला बैठक 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे अस्पताल रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पर होगी। जिला प्रभारी बद्रीलाल वर्मा व जिलाध्यक्ष राजाराम पंकज ने बताया कि बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन पर चर्चा की जाएगी।

साथ ही अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में यूथ विंग जिला कार्यकारिणी भी भाग लेगी।



## आज का राशिफल

सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024

- **मेष :** आज मनचाहे नतीजे देने वाला दिन है। सोची हुई योजनाएं सफल होती नजर आएंगी। खुद को भावनात्मक रूप से बहुत ही सशक्त महसूस करेंगे। आपके व्यक्तित्व में भी निखार आएगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग आशीर्वाद से आप की योजनाओं को बल मिलेगा।
- **वृष :** भावनाओं पर काबू रखें तथा प्रैक्टिकल बने इससे आप और अधिक सहजता से निर्णय ले पाएंगे। किसी पारिवारिक सदस्य की तरफ से कोई संतोषजनक सूचना मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा तथा कोई मनोरंजक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बनेगा।
- **मिथुन :** ग्रह गोचर अनुकूल है। किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी। आपसी संबंधों में सुधार होगा। युवाओं को करियर संबंधित मेहनत के मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। अत्यधिक कार्य का बोझ आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है।
- **कर्क :** सुकून भरी दिनचर्या रहेगी। युवा वर्ग कोई दुविधा दूर होने से राहत की सांस लेंगे तथा कोई बड़ा फैसला लेने की भी हिम्मत आएगी। यह समय उन्नति दायक है। मेहनत के मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे। इन्वेस्टमेंट करने का विचार है, तो समय अनुकूल है।
- **सिंह :** वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच-विचार कर ले, निश्चित ही सफलता मिलेगी।
- **कन्या :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **तुला :** अपने काम को रचनात्मक रूप देने के लिए अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाना बेहतर रहेगा। किसी भी दुविधा की स्थिति में अनुभवी लोगों से विचार विमर्श करें, आपको तुरंत समाधान मिलेगा।
- **वृश्चिक :** अचानक ही कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से तनाव दूर होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में भी आपकी रूचि रहेगी।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। युवा वर्ग भी अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।
- **मकर :** अपने किसी भी फोन कॉल आदि को नजरअंदाज ना करें तथा मार्केटिंग व मीडिया से संबंधित कार्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखें। क्योंकि आपका कोई विशेष प्रयोजन हल हो सकता है।
- **कुंभ :** कुछ समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानी में आज सुधार महसूस करेंगे। तथा दोबारा अपने व्यक्तिगत कार्यों में अपना ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह पर अमल करना आपको उचित मार्गदर्शन देगा।
- **मीन :** दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी और इससे आप अपने अन्य कार्यों पर भी ध्यान दे पाएंगे। नजदीकी दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मनोरंजन व मेल-मिलाप में बेहतरीन समय व्यतीत होगा। युवाओं को अपने भविष्य से संबंधित कोई बेहतरीन उपलब्धि मिल सकती हैं।

# वरड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला

### हमारा समाज शक्तिशाली तो है परंतु संगठित नहीं, एक घंटे की शाखा ही इसका सबसे प्रमुख उपाय



**उदयपुर, 21 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी के मौके पर आयोजित होने वाले पथ संचलन की श्रृंखला में रविवार को संघ के महानगर के ग्राम वरडा में पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में गांव के प्रत्येक घर की सहभागिता रही व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण जन एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए महानगर प्रचारक नारायण ने कहा कि राष्ट्र सेवा के पुनीत लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से गठित हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 99 वर्ष की साधना पूर्ण हो चुकी है एवं यह अब शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए स्व राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हो चुका है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसी गंगा का प्रवाह का अवगाहन भगीरथ स्वरूप केशव बलिराम हेडगेवार ने किया था और उनके संकल्पों व संदेशों को आत्मसात करते हुए हर एक स्वयंसेवक पूरी निष्ठा से प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का संकट है कि हमारा समाज शक्तिशाली तो है परंतु संगठित नहीं, एक घंटे की शाखा इसका सबसे प्रमुख उपाय है।

उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में हमारा दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। इस अवसर पर उन्होंने संघ के पंच प्रण को पूर्ण करने के लिए सभी को समर्पित भाव से कार्य करने और अधिकाधिक कार्य विस्तार हेतु आहवान किया।

इससे पहले संपूर्ण गांव में पथसंचलन निकाला गया। संघ की आकर्षक वेशभूषा में दंड धारण किये सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासित ढंग से गांव के प्रमुख मार्गों से संचलन किया।

घोष वादकों व बांसुरी वादकों के समूह के वाद्ययंत्रों की ध्वनियों से गांव की गलियां गुंजायमान हो उठी। ग्रामीणों ने भी पुष्पवृष्टि कर स्वयंसेवकों का स्वागत अभिनंदन किया। संचलन से पूर्व विजयदशमी पर शस्त्र पूजन हुआ।

इस अवसर पर सरपंच दूल्हे सिंह देवड़ा एवं चारभुजा सेवा समिति के अध्यक्ष नाहर सिंह, गमेती समाज चोखला के अध्यक्ष भगवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और स्वयंसेवक मौजूद थे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में दूध और मावे के लिए नमूने



**धौलपुर, 21 अक्टूबर।** दीपावली को आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने धौलपुर स्थित विष्णु डेयरी से दूध के 4 नमूने, स्टेशन रोड स्थित जनक सिंह डेयरी से मावे का एक नमूना लिया गया। लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## जिला कलक्टर ने किया मेडिकल कॉलेज छात्रावास का निरीक्षण, छात्रों से ली बुनियादी सेवाओं पर जानकारी

**धौलपुर, 21 अक्टूबर।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी रविवार को राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के छात्रावासों का निरीक्षण करने पहुंचे। जिला कलेक्टर ने गहनता से छात्रावास की स्थिति का निरीक्षण करते हुए छात्रों से बुनियादी सेवाओं पानी, बिजली, सुरक्षा, सफाई इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई हेतु निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए छात्रावास परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें एवं बंदरों से बचाव हेतु बालकनी पर जाली लगाई जाये। उन्होंने कहा कि छात्रावास में उच्च क्षमता वाले आरओ सिस्टम लगाये जाने हेतु निर्देशित किया ताकि छात्र-छात्राओं को नियमित पेयजल की आपूर्ति हो सके। उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं से भी बिजली, पानी इत्यादि पर सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रावास में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी के अभाव को देखते हुए वैकल्पिक ढंग से सफाई की व्यवस्था नियमित कराये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने बालक एवं बालिका छात्रावास के प्रत्येक तल पर जाकर छात्रों से बुनियादी सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने छात्रों एवं छात्राओं को गुणवत्तापूर्वक भोजन की दृष्टि से आंतरिक समिति बनाकर मेस संचालन का सुझाव दिया। उन्होंने छात्रावास में पर्याप्त मात्रा में छात्र-छात्राओं को फर्नीचर उपलब्ध करवाये जाने हेतु कहा। छात्रावास के लिए पानी की स्थायी समस्या समाधान करने के लिए छितरिया ताल से किया जायेगा, जिसके लिए अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी धौलपुर को प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है।





मेडिकल कॉलेज छात्रावास में रह रहे छात्रों को आश्वासन दिया कि छात्रावास भवन में व्याप्त कमियों को दूर किया जायेगा। छात्रावास में छात्रों को पीने का शुद्ध पानी मिले इसके लिए पर्याप्त संख्या में आरओ इंस्टॉल कराया जायेगा। मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराये जाने पर वे आज मेडिकल छात्रावास का निरीक्षण करने गये थे। उन्होंने सभी कमरों में जाकर स्थिति का मुआयना किया। मेडिकल छात्रों के द्वारा जिला कलेक्टर को छात्रावास भवन में विभिन्न समस्याओं के बारे में बताये जाने पर विद्यार्थियों को आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही इसका समाधान करा दिया जायेगा। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा साथ मौजूद रहीं।

## एडीआरएम ने गंगापुर सिटी में दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्यशीलता, लॉबी एवं रनिंग रूम का किया संयुक्त निरीक्षण

**कोटा, 21 अक्टूबर।** अपर मंडल रेल प्रबन्धक आर. आर. के. सिंह ने गंगापुर सिटी स्टेशन पर दुर्घटना राहत गाड़ी, मेडिकल राहत वैन, क्रू लॉबी, रनिंग रूम का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया। जिसमें दुर्घटना राहत गाड़ी, मेडिकल राहत वैन के उपकरणों की कार्यप्रणाली एवं कार्यशीलता की जाँच की गई।



निरीक्षण के दौरान विनोद कुमार मीना वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, गौरव श्रीवास्तव वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ), बी.पी.दास-मंडल यॉंत्रिक अभियंता (फ्रेट), सुनील चंदेल मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), नवीन भूषण मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/टेली, डॉ. मोनिका नागर-सहा. मंडल चिकित्सा अधिकारी गंगापुरसिटी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडल में नियमित रूप से दुर्घटना राहत गाड़ी, मेडिकल राहत वैन, क्रू लॉबी व रनिंग रूम का शिड्यूल के अनुसार त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया जाता है। रेल संरक्षा में सुधार एक सतत् प्रक्रिया है और इसमें सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं।

संसाधनों के रखरखाव, संरक्षा प्रक्रिया और प्रणालीगत दोषों में कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने और दुर्घटनाओं को रोकने के तरीके और साधन प्रदान करने की दृष्टि से यह त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया जाता है।

# नारायण सेवा संस्थान एवं डीसीसीआई द्वारा आयोजित









**उदयपुर, 21 अक्टूबर।** नारायण सेवा संस्थान एवं डीसीसीआई के साझे में लेकसिटी में चल रही चौथी राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टी -20 चैंपियनशिप अपने चरम पर हैं। छठवां दिन दिव्यांग खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए खुशी और मनोरंजन से भरपूर रहा।

नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने रविवार को खेले गए आठ मुकाबलों व नतीजों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले सत्र में राजस्थान बनाम दिल्ली के मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 148 रन बनाएं । लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान ने सुरेंद्र कुमार खोरवाल के बहुमूल्य 64 रन की मदद से 5 विकेट पर 149 रन बनाते हुए लगातार तीसरी जीत अपने नाम की। उधर नारायण स्पोर्ट्स एकेडमी में जम्मू ने कर्नाटक को 29 रन से हराया । वहीं बीएन ग्राउंड पर गुजरात ने हरियाणा को 31 रन से हराया। इधर चंडीगढ़ बनाम बिहार मैच में चंडीगढ़ ने बिहार को 42 रन से शिकस्त दी। मैन ऑफ द मैच जम्मू के माजिद, गुजरात के नरेश चिल्लूर,चंडीगढ़ के राजिंदर सिंह और राजस्थान के सुरेंद्र कुमार खोरवाल को चुना गया।

दूसरे सत्र में केरल ने झारखंड को तथा पंजाब ने बड़ौदा को सात -सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की। उत्तरप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 32 रन तथा मुम्बई ने मध्यप्रदेश को 61 रन के अन्तर से पराजित कर विजयी हुई। प्लेयर ऑफ़ द मैच केरल के यधुकृष्णा, पंजाब के मोनू, मुंबई के किरण चकोटे तथा उत्तरप्रदेश के राधिका प्रसाद बने।

डीसीसीआई सचिव रविकांत चौहान ने आज तक के मैचों का ब्यौरा बताते हुए कहा विदित हो कि 24 टीम - 4 ग्रुप में विभक्त है। तालिका ए में चार मैच जीतकर महाराष्ट्र शीर्ष पर बनी हुई है।

पर राजस्थान अपने तीनों मुकाबले जीतकर दूसरे से पहले पायदान पर आने के लिए प्रयासरत है। वहीं ग्रुप बी में पहले स्थान पर चार में से तीन मैच जीतकर जम्मू और इतने ही मैच जीत कर कर्नाटक दूसरे स्थान पर बना हुआ है। ग्रुप सी में चार में से चार मुकाबले जीत कर मुंबई शीर्ष पर हैं। वहीं गुजरात चार में से तीन मैच जीतकर दूसरे स्थान पर है। इसी तरह ग्रुप डी में बंगाल तीन में से तीन मैच जीतकर शीर्ष पर है तथा चार में से तीन मैच जीतकर तमिलनाडु दूसरे पायदान पर हैं।

**सोमवार को होने वाले मैच** - पहली पारी में ओडिशा विरुद्ध विदर्भ, तमिलनाडु विरुद्ध पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश विरुद्ध छत्तीसगढ़, पंजाब विरुद्ध हैदराबाद तथा दूसरी पारी में झारखंड बनाम दिल्ली, राजस्थान बनाम महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश बनाम हरियाणा व कर्नाटक बनाम बड़ौदा के बीच होंगे।

## इनरव्हील क्लब कोटा ने स्वच्छता अभियान में योगदान




**कोटा, 21 अक्टूबर।** इनरव्हील क्लब ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक सराहनीय कदम उठाया है। क्लब ने न्यू मेडिकल कॉलेज को 12 डस्टबिन दान किए हैं, जो सूखे और गीले कचरे के अलग-अलग संग्रहण के लिए उपयोग किए जाएंगे।

क्लब की अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि यह पहल स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इससे पहले, क्लब ने मंदिरों और कच्ची बस्तियों में भी डस्टबिन लगाए थे।

इस अवसर पर, क्लब ने अस्पताल के नए कमरों के लिए कुर्सियां भी भेंट कीं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशुतोष शर्मा ने इस उदार कार्य के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल न केवल अस्पताल की स्वच्छता में सुधार लाएगी।

क्लब की सचिव डॉ. नीता जैन ने बताया कि इस मौके पर रेखा सिंह, अंजली अग्रवाल, प्रीति गौत्तम और अर्चना अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

बल्कि समुदाय में पर्यावरण जागरूकता भी बढ़ाएगी, जो इनरव्हील क्लब कोटा के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

## 17 .45 करोड़ से होगा नहरी तंत्र का जीर्णोद्धार व मरम्मत

**कोटा, 21 अक्टूबर।** जल संसाधन विभाग की ओर से जिले में नहर, तालाब, एनीकट के निर्माण, मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए 17.45 करोड़ की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, खैराबाद प.स. प्रधान कलावती मेघवाल ने इसके लिए स्पीकर ओम बिरला, मंत्री दिलावर और नागर के साथ विधायक कल्पना देवी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि तेज गति से जनता से जुड़े विकास काम हो, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विभाग द्वारा लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र के किशनपुरा में बालापुरा लिफ्ट लघु सिंचाई परियोजना को सोलर आधारित करने एवं पाइपलान व अन्य मरम्मत कार्य के 8 करोड़, रामगंजमण्डी विधानसभा के ग्राम बीड़मण्डी-नयागांव तालाब की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 3.20 करोड़ एवं ग्राम पदमपुरा तालाब के लिए 1.60 करोड़ वहीं सांगोद विधानसभा के दीगोद लिफ्ट एवं मैन कैनाल के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य के लिए 50.27 लाख एवं सार्णेश्वर तालाब की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1.50 करोड़ की स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा रामगंजमण्डी के ग्राम सुरेड़ा एनीकट के लिए 90 लाख, सांगोद के समलेश्वर महादेव एनीकट के निर्माण के लिए 1.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

## नि :शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 22 अक्टूबर को

**कोटा, 21 अक्टूबर।** लायंस क्लब कोटा द्वारा 22 अक्टूबर को नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड स्थित लांयस क्लब भवन,कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। मंगलवार 22 अक्टूबर को प्रातः 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी। 23 व 24 अक्टूबर को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएगें। सचिव विरेन्द्र विजय ने बताया कि निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा व विशाल आई केयर ट्रस्ट का भी सहयोग रहेगा। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास,भोजन,दवाईयां लेंस एवं चश्में की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी ।शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड,राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होगे। शिविर में नि:शुल्क ब्लड प्रेशर,मधुमेह,एक्यूप्रेशर की नि:शुल्क जांच भी होगी। नुवाल ने बताया कि आंखों के विभिन्न रोगों की जांच,मोतियाबिंद की चिकित्सा व निशुल्क ऑपरेशन अनुभव नेत्र विशेषज्ञ डा. विशाल स्नेही द्वारा किए जाएंगे।

## सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी स्टेशन पर रेल चौपाल में यात्रियों से लिया गया फीडबैक

**कोटा, 21 अक्टूबर।** मंडल में कोटा सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों रेलवे स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस रेल चौपाल का आयोजन भारतीय रेल द्वारा स्वच्छता अभियान 4.0 के सिलसिले में आयोजित किया जा रहा है। रेल चौपाल के माध्यम से रेलवे यात्रियों से सीधा संवाद करके और साफ-सफाई को लेकर उनका फीडबैक ले रही है । इसी के मद्देनजर कोटा के बाद सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से संवाद कर उनके फीडबैक एवं बहुमूल्य सुझाव लिए गया। अधिकांश रेल यात्रियों ने रेलवे के प्रयासों को सराहा और स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों के प्रति संतुष्टि जाहिर की। अब रेल चौपाल हिंडौन सिटी में 21 अक्टूबर, बयाना में 22 अक्टूबर, भरतपुर में 23 अक्टूबर, बून्दी में 24 अक्टूबर, रामगंजमंडी में 25 अक्टूबर एवं शामगढ़ में 28 अक्टूबर को किया जाएगा। इस रेल चौपाल में सवाई माधोपुर एवं गंगापुर में रेलवे अधिकारीगण, वाणिज्य पर्यवेक्षक एवं बड़ी संख्या में रेल यात्री उपस्थित रहे।

## मिशन उत्कर्ष के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्मिकों के क्षमतावर्धन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**धौलपुर, 21 अक्टूबर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन उत्कर्ष के तहत जिलों में शुरू किए गए कार्यक्रम सेनू के अंतर्गत जीआईजैड के सहयोग से जपाईगो संस्था के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्षमतावर्धन हेतु



तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस सम्बंध में विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि धौलपुर जिले को भारत सरकार द्वारा पोषण क्षेत्र में मिशन उत्कर्ष के 10 जिलों में शामिल किया है। आंगनबाड़ी कार्मिकों के क्षमतावर्धन हेतु जीआइजेड एवं जपाइगो संस्था द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कराए जा रहे हैं।

सेनू कार्यक्रम के अंतर्गत जपाईगो संस्था के द्वारा आईसीडीएस की फ्रंटलाइन वर्कर को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ सर्टिफिकेशन भी प्रदान किया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आठ मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया है।

जिसमें किशोरी बालिकाओं के पोषण, बच्चों के शुरुआती 1000 दिवस की महत्ता, वृद्धि निगरानी, सूक्ष्म पोषक तत्व, सैम, सीमैम, समुदाय व्यवहार परिवर्तन, पोषण ट्रैकर, सक्षम आंगनवाड़ी विषयों पर गतिविधि जैसे विषय शामिल हैं। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक रूप में आईसीडीएस से महिला पर्यवेक्षक डॉ. निर्मला सिंह, प्रभा झा एवं जपाईगो संस्था के मनोज शर्मा उपस्थित रहे।

## करवा चौथ के पर्व पर सोनू हेल्पिंग हैंड ने बांटी साड़िया

**जयपुर, 21 अक्टूबर। सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट की तरफ से इस साल करवा चौथ के पर्व पर कच्ची बस्ती में 101 महिलाओं को साड़ियां एवम महिला श्रृंगार की आइटम वितरित किए गए। करवा चौथ के दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए एक दिन का व्रत रखती है। इस त्यौहार को पति पत्नी के आपसी प्यार को दर्शाने वाला पर्व माना जाता है। ट्रस्ट अध्यक्षा सुनीता छाबड़ा ने बताया कि सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट हमेशा विशेष दिवस और त्योहारों के अवसर पर सामाजिक सेवा के कार्य करता आ रहा है। ट्रस्ट की तरफ से कई नि:शुल्क महिलाओं को आजीविका के कार्य भी कराए जा रहे हैं। जिससे कई महिलाएं आज खुद का रोजगार कमाने में सक्षम हुई है। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्या कृष्णा महावर सहित कई सदस्य और महिलाएं उपस्थित रही।**



## महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन की 55वीं वर्षगांठ पर सिटी पैलेस में मनाया 'मेवाड़ धरोहर उत्सव'





**उदयपुर, 21 अक्टूबर।** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के दिशा-निर्देशन में सिटी पैलेस संग्रहालय के बाड़ी महल में फाउण्डेशन की 55वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पारम्परिक संगीत एवं गायन के साथ मेवाड़ जीवन्त धरोहर उत्सव मनाया। आयोजन के माध्यम से विरासत में मिले संगीत और कला धरोहर को संजोने और संरक्षित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर बाड़ी महल में आर्टिस्ट हरफूल राम नायक ने वाद्य यंत्र 'रवनहत्था' पर अपनी धुनों से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार राजेश पंचोली ने जल सांझी कला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की पेन्टिग बनाई, जो दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रही। साथ मेवाड़ के पारम्परिक वाद्य यंत्र 'ढोल' पर गायिकाओं और बाईयों ने अपनी मनमोहक गायकी से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शित पारम्परिक कठ-पुतलियों ने भी पर्यटकों को फोटो के लिए विशेष रूप से आकर्षित किया।

महाराणा भगवत सिंह जी मेवाड़ ने 55 वर्ष पूर्व महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की स्थापना कर विभिन्न जनसेवी योजनाओं को करने का निर्णय लिया था, जो अनवरत रहे है। वर्तमान में मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य और फाउण्डेशन के न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के निर्देशन में मेवाड़ धरोहरों के संरक्षण-संवर्द्धन के साथ ही मानव एवं पर्यावरण कल्याण के क्षेत्र में कई कार्य योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। फाउण्डेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि इस उत्सव में पर्यावरण के क्षेत्र में लाभप्रद एवं उपयोगी हस्त निर्मित सामग्री तथा हस्तशिल्पियों को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश से यहाँ आने वाले पर्यटक हस्तशिल्प को प्रत्यक्ष रूप से देख व समझ सके।

## कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य ले रहा तेजी से आकार

**कोटा, 21 अक्टूबर।** देश भर के रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित करके भव्य और विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे राजस्थान प्रदेश के कोटा रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य डीआरएम मनीष तिवारी के नेतृत्व में विश्वस्तरीय तर्ज पर किया जा रहा है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है जोकि 29 अप्रैल,2025 तक पूरा होने का लक्ष्य है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 12 नवम्बर, 2022 में शुरू हुआ था। इस कार्य के निर्माण अवधि की समय सीमा 900 दिन की है।

**अत्याधुनिक विकसित की जाने सुविधाएं:** स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 02 आगमन ब्लॉक एवं 01 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण, स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, वेटिंग रूम, फुड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं, प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में कॉनकोर्स एरिया का निर्माण, यात्रियों की सुविधा के लिए 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान, स्टेशन दिब्यांग फ्रेंड्ली, पार्किंग की सुविधा, यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे, पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित, सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था। पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

**वतर्मान में कोटा स्टेशन के निर्माण कार्य की प्रगति:** नया रेलवे संस्थान-ट्रस लांचिंग कार्य पूर्ण, स्टीटचिंग स्लैब, प्लास्टरिंग कार्य और कम्पाउंड वॉल स्टोन एवं रेलिंग कार्य प्रगति पर। नया सामुदायिक भवन-ट्रस फेब्रिकेशन कार्य पूर्ण, फिनिशिंग कार्य, वाटर फूफिंग, कम्पाउंड वॉल स्टोन एवं रेलिंग कार्य प्रगति पर। विद्युत सब स्टेशन-स्लैब के पूर्ण, प्लम्बिंग एंड इलेक्ट्रिकल कंडक्टिंग कार्य प्रगति पर। रियर स्टेशन बिल्डिंग- प्रथम फ्लोर स्लैब कास्टिंग का 70 फीसदी कार्य पूर्ण एवं शेष कार्य प्रगति पर। फ्रंट स्टेशन भवन-आगमन 1 (प्लेटफ़ॉर्म सं-1)-प्रथम फ्लोर स्लैब का 33 फीसदी कार्य पूर्ण। प्रस्थान (प्लेटफ़ॉर्म सं-1)-फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। थ्रू रूफ रियर-प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 के 267 में से 179 पाइल्स पूरा, पाइल्स कैप कास्टिंग का कार्य प्रगति पर।

## स्मृति संध्या व गौसेवा अभिनंदन समारोह

**उदयपुर, 21 अक्टूबर।** शिव शंकर गौशाला, उदयपुर के संस्थापक स्मृति शेष सुरेन्द्र सिंह चौहान की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मृति संध्या व गौसेवा अभिनंदन समारोह पुष्कर दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता रविकांत त्रिपाठी गौशाला के कोषाध्यक्ष व हिंदू जागरण मंच चित्तौड़ प्रांत प्रमुख ने की। मुख्य अतिथि की फुल सिंह मीणा विधायक उदयपुर ग्रामीण, धर्म



नारायण जोशी पूर्व विधायक मावली, डॉ जिनेन्द्र शास्त्री, डॉ रेणु पालीवाल थी। विशिष्ट अतिथि रतन सिंह राजपुरोहित, मनीष अग्रवाल, डॉ नारायण सिंह चावड़ा, रमन कुमार सूद, डॉ शरद अरोड़ा व नरेश पूर्बिया थे। सचिव शालीनी राजावत ने सभी अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर, पगंडी पहनाकर, शोल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भूपेंद्र शर्मा ने किया। विधायक फुल सिंह मीणा ने कहा कि गौ माता की सेवा करना पुण्य का कार्य है।गौ सेवा से सकारात्मक उर्जा का संचार होता होता हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी ने शिव शंकर गौशाला के दानदाताओं और सहयोगियों का स्मृति चिन्ह, उपरणा और तुलसी का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। मुख्य वक्ता जिनेंद्र शास्त्री ने गौ सेवा को सनातन धर्म का अभिन्न अंग बताया। संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत विद्वत परिषद प्रमुख डॉ रेनू पालीवाल ने गोवंश को वेदों और वैज्ञानिक आधार पर महत्व पर प्रकाश डाला। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक शरद अरोड़ा, राष्ट्र मंथन के संयोजक रमन कुमार सूद, डीवाईएसपी रतन सिंह राजपुरोहित, मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया, नारायण सिंह चावड़ा ने गौमाता के महत्व के बारे में चर्चा की। गौशाला के वर्ष 2025 के कैलेंडर का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। गौशाला सचिव शालिनी राजावत द्वारा स्वागत उद्बोधन में गौशाला गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। संचालन डॉ भूपेंद्र शर्मा ने किया। समारोह का आरंभ गौ शाला संस्थापक स्व एस एस चौहान की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। हिमांशु राजपुरोहित ने योग प्रदर्शन किया। सभी अतिथियों ने गायों को हरा चारा खिला कर गौसेवा की। और गौ पालकों व उनके परिवार के सदस्यों को वस्त्र, खाद्य सामग्री व चप्पल भेंट किए।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड, भरतपुर**

**e-mail: wrdbharatpur@gmail.com**

क्रमांकः राजस्व/जसंखभ/2024/1466-79 दिनांकः 14.10.2024

**इश्तिहार नीलामी सूचना संख्या 1/2024-25**

कार्यवाही नीलामी अजमोल मौके अनुसार रैस्ट चौकी कौरेर तहसील डीग (साईट पर) पर जो कि नीलाम आम....मुन्दर्जे अनुवान को मुकाम रैस्ट चौकी कौरेर तहसील डीग (साईट पर) पर रिहैबिलिटेशन ऑफ भरतपुर फीडर के कार्य हेतु निम्न विवरण अनुसार साईट पर उपलब्ध पेड़ों को दिनांक 07.11.2024 एवं 08.11.2024 को वक्त 11.00 बजे नीलाम किया जावेगा। लिहाजा हर खास व आम को जरिये हाजा मुत्तले किया जाता है कि जिस किसी को खरीदना मंजूर हो वक्त, तारीख मुकर्ररा पर हाजिर होकर बोली लगावें :-

| क्र. सं. | नहर का नाम | पेड़ों की संख्या | अन्दाजिया वजन | अनुमानित राशि | अमानत राशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सजोला माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 7.950 किमी.) | 831 | 2849.42 क्विंटल | रु. 872307.18 | रु. 17447 | 7.11.2024 |
| 2 | भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 13.000 किमी.) | 1768 | 8342.40 क्विंटल | रु. 2334460.06 | रु. 46690 | |
| 3 | कुम्हेर माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 2.280 किमी.) | 98 | 143.38 क्विंटल | रु. 45209.26 | रु. 905 | |
| | **योग** | **2697** | | **रु. 3251976.50** | **रु. 65042** | |
| 4 | भरतपुर फीडर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 9.357 किमी.) | 545 | 1744.12 क्विंटल | रु. 546538.70 | रु. 10931 | 8.11.2024 |
| 5 | तमरेर माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 3.500 किमी.) | 288 | 626.08 क्विंटल | रु. 181172.36 | रु. 3624 | |
| 6 | दांदुका माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 1.829 किमी.) | 169 | 661.50 क्विंटल | रु. 175208.58 | रु. 3505 | |
| | **योग** | **1002** | | **रु. 902919.64** | **रु. 18060** | |

**नोटः-** नीलामी की शर्तों एवं पेड़ों की किस्म का किसी भी कार्य दिवस में जल संसाधन खण्ड भरतपुर एवं जल संसाधन उपखण्ड कुम्हेर में अवलोकन किया जा सकता है।

**(बनैसिंह)**
**अधिशाषी अभियंता**
**जल संसाधन खण्ड, भरतपुर**
**मो.: 9414282868**

**डीआईपीआर/सी/10112/2024**

## आज का दिन

कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सं. 2081, शक संवत् 1946, हिजरी 1446, तदनुसार अंग्रेजी दिनांक 21 अक्टूबर, सन् 2024 ईस्वी। वार- सोमवार, सूर्य-दक्षिणायण, ऋतु-शरद

## सम्पादकीय

# जयशंकर की पाक यात्रा से बना सकारात्मक संकेत

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर की हालिया पाकिस्तान यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों में जिस तरह पॉजिटिविटी का माहौल बनाया है, वह इस बात का अच्छा उदाहरण है कि बेहद प्रतिकूल हालात में भी कुशल डिप्लोमेसी से कुछ न कुछ बेहतर नतीजे हासिल किए जा सकते हैं। हालांकि यह पॉजिटिविटी कब तक कायम रहती है और द्विपक्षीय रिश्तों को कितनी गर्मजोशी दे पाती है, यह देखना अभी बाकी है। शांघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की शिखर बैठक के सिलसिले में विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना अपने आप में इस बात का उदाहरण था कि दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। कायदे से इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत होनी चाहिए थी, लेकिन स्थिति यह थी कि विदेश मंत्री जयशंकर के रूप में एक वरिष्ठ मंत्री का जाना भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट माना गया। खुद जयशंकर ने भी जाने से पहले ही साफ कर दिया था कि इस यात्रा में द्विपक्षीय रिश्तों पर किसी तरह की बातचीत वह नहीं करने वाले हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी मीडिया में इसे दोस्ती की तरफ बढ़ा कदम माना गया। इसके बाद अब नवाज शरीफ का इस सिलसिले में आया बयान भी पॉजिटिव है।

*कायदे से इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत होनी चाहिए थी, लेकिन स्थिति यह थी कि विदेश मंत्री जयशंकर के रूप में एक वरिष्ठ मंत्री का जाना भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट माना गया।*

विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान में मौजूदगी में निहित शालीनता और गरिमा को रेखांकित करना हो तो इसे पिछले साल हुई पाकिस्तानी के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा के संदर्भ में देखना होगा। वह भी एससीओ के विदेशमंत्रियों की बैठक के ही सिलसिले में आए थे। वह भी 12 साल के अंतराल के बाद पाकिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की भारत यात्रा थी। लेकिन वह यात्रा उनके तीखे और कड़वे बयानों के लिए चर्चित हुई। उससे दोनों देशों के रिश्तों की गुत्थी सुलझाने में कोई मदद नहीं मिली। इसके उलट जयशंकर ने न केवल एससीओ के मंच का इस्तेमाल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मसलों पर भारत के स्टैंड की अहमियत समझाने में की, बल्कि अपने बॉडी लैंग्वेज और व्यक्तित्व से मेजबान को भी प्रभावित किया। यही वजह रही कि उनके लौटने के बाद पाकिस्तान में सत्तारूढ़ के सबसे बड़े नेता और तीन बार के पीएम नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का आह्वान कर दिया। उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली पाकिस्तान यात्रा को भावुक अंदाज में याद किया बल्कि मोदी के खिलाफ की गई घटिया बयानबाजी के लिए पूर्व पीएम इमरान खान की भी लानत-मलामत की। माहौल तो बना निश्चित रूप से इस तरह की पहलकदमी का अपना महत्व है। इनसे रिश्तों को बेहतरी की दिशा देने वाले प्रयासों के अनुकूल माहौल बनता है। लेकिन रिश्तों की बेहतरी वास्तव में बहुत सी अन्य बातों पर निर्भर करती है।

## विदेशी अखबारों से

# कनाडा में 30 सांसदों ने कर दी ट्रूडो को हटाने की मांग

**भारत** को आंखें दिखाने वाले कनाडा को 24 घंटे के भीतर इतना तगड़ा झटका लगा है, जिसने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की नींद उड़ा दी है। भारत के एक एक्शन ने कनाडा को दो टुकड़ों में तोड़ दिया है। एक तरफ खालिस्तानी और कुछ लोग ट्रूडो का समर्थन कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 70 प्रतिशत कनाडा ट्रूडो से बगावत कर चुका है। भारत ने 24 घंटे में ही ऐसा दांव खेल दिया जिसने बगावत की चिंगारी को आग में बदल दिया। आप ये जानकर हैरान हो जाएंगे कि भारत और कनाडा विवाद में अब ओटावा की आधी से अधिक जनता भारत के साथ आकर खड़ी हो गई है। कनाडा के आम लोग, वहां के पत्रकार, विपक्षी दल और यहां तक की जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के 30 सांसद वही बोल रहे हैं जो भारत कह रहा है। कनाडा की 70 प्रतिशत आबादी जस्टिन ट्रूडो को ही भारत से रिश्ते बिगाड़ने का आरोपी मान रहे हैं। जस्टिन ट्रूडो की पॉपुलैरिटी रेटिंग इस वक्त कनाडा में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया कि कनाडा धोखेबाजों, ड्रग तस्करों और अन्य अपराधियों का अड्डा बन चुका है। भारत ने सरेआम बताया 26 प्रत्यर्पण रिएक्वेस्ट पेंडिंग हैं। इसके अलावा प्रोवीजनल अरेस्ट की इंफार्मेशन हमलोग म्युअल लीगल असिस्टेंट ट्रीटी तहत मानते हैं वो भी कनाडा में पेंडिग हैं। 5 आपराधिक भगौड़ों को हमने मांगा है। हमारी मांग पर कनाडा की सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया और यह काफी गंभीर है। भारत के मोस्ट वांटेड क्रिमिनल अब कनाडा में बेफिक्री की जिंदगी जी रहे हैं। इसलिए अब भारत ने कनाडा को आतंकियों का स्वर्ग बता दिया। लेकिन भारत पर आरोप लगाने वाले ट्रूडो ने अब चीन को भी कोसना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कनाडा के विपक्षी दल चीन के साथ मिलकर मुझे हटाना चाहते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

# सफलता का रहस्य

**एक** बार एक व्यक्ति ने महान दार्शनिक सुकरात से पूछा कि सफलता का रहस्य क्या है? तो सुकरात ने उस व्यक्ति से कहा कि वह कल सुबह नदी के पास मिले, वही पर उसे उसके प्रश्न का उत्तर मिलेगा। रात बीती सुबह हुई। दूसरे दिन सुबह होते ही, वह व्यक्ति नदी के पास पहुंचा। वहां सुकरात भी थे। तभी सुकरात ने उस व्यक्ति को नदी में उतरकर, नदी की गहराई मापने को कहा। वह व्यक्ति नदी में उतरकर आगे की तरफ जाने लगा। जैसे ही पानी उस व्यक्ति के नाक तक पहुंचा, पीछे से सुकरात ने आकर अचानक से उसका मुंह पानी में डुबो दिया। वह व्यक्ति बाहर निकलने के लिए छटपटाने लगा। बहुत कोशिश करने पर भी वह बाहर नही निकल पा रहा था। सुकरात उस व्यक्ति से अधिक शक्तिशाली थे। उन्होंने उस व्यक्ति को काफी देर तक पानी में डुबोए रखा। जब उन्हें लगा कि अब शायद थोड़ी और देर इसे डुबो के रखने से यह मर सकता है, तब उन्होंने उस व्यक्ति को छोड़ दिया। जैसे ही सुकरात ने उस व्यक्ति को छोड़ा, उसने अपना सर पानी से बाहर निकाल लिया। फिर, जल्दी-जल्दी सांस लेने लगा। जब उसकी जान में जान आई, तो वह सुकरात की ओर प्रश्न भरी आंखों से देखने लगा। उसके इस विस्मय भरे भाव को देखकर सुकरात मुस्कुराने लगे। फिर उन्होंने उस व्यक्ति से पूछा जब तुम पानी में थे। तब तुम क्या चाहते थे? व्यक्ति ने कहा जल्दी से बाहर निकलकर सांस लेना चाहता था। डूबता हुआ व्यक्ति और क्या चाहेगा! सुकरात ने कहा यही तुम्हारे प्रश्न का उतर है।

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र, सरकार से बड़ी उम्मीदें

**ललित गर्ग**

*उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है।*

**आखिरकार** जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।



जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।

केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिए इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

# 'फाइव आइज' देशों से रिश्तों में बढ़ सकता है तनाव

**रंजीत कुमार**

*राजनयिकों के खिलाफ की गई इस दोतरफा कार्रवाई का द्विपक्षीय रिश्तों पर तो असर पड़ेगा ही, अंतरराष्ट्रीय भूराजनीतिक समीकरण भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। निज्जर को लेकर लगे आरोपों के साथ ही भारत अलगाववादी और अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों का भी सामना कर रहा है। निज्जर की पिछले साल जून में हुई हत्या के बाद से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बौखलाए हुए हैं। ट्रूडो ने पिछले साल 21 सितंबर को नई दिल्ली मे टी20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में यह मुद्दा उठाया था कि निज्जर की हत्या में किसी भारतीय एजेंट का हाथ होने के विश्वसनीय आरोप हैं। लेकिन उन्होंने कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया।*

**भारत** और कनाडा के बीच राजनयिक रिश्तों में अप्रत्याशित गिरावट आई है। भारतीय उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को निज्जर हत्याकांड से सीधे जोड़े जाने के बाद भारत ने जिस तरह कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर सहित छह राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कह दिया, उससे साफ है कि दोनों देशों के रिश्तों का दोबारा पटरी पर आना तब तक संभव नहीं होगा जब तक कि कनाडा सरकार अपने देश में अलगाववादियों के खिलाफ कोई विश्वसनीय कार्रवाई नहीं करती। राजनयिकों के खिलाफ की गई इस दोतरफा कार्रवाई का द्विपक्षीय रिश्तों पर तो असर पड़ेगा ही, अंतरराष्ट्रीय भूराजनीतिक समीकरण भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। निज्जर को लेकर लगे आरोपों के साथ ही भारत अलगाववादी और अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों का भी सामना कर रहा है। निज्जर की पिछले साल जून में हुई हत्या के बाद से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बौखलाए हुए हैं। ट्रूडो ने पिछले साल 21 सितंबर को नई दिल्ली मे टी20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में यह मुद्दा उठाया था कि निज्जर की हत्या में किसी भारतीय एजेंट का हाथ होने के विश्वसनीय आरोप हैं। लेकिन उन्होंने कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया। कनाडा की पुलिस के ये ताजा आरोप संगीन और सनसनीखेज हैं कि कनाडा की नागरिकता वाले सिख अलगाववादियों को धमकाने के लिए पंजाब के लॉरेंस विश्नोई गिरोह का इस्तेमाल किया जा रहा है। भले कनाडा की पुलिस ने कोई सबूत पेश नहीं किए हों, लेकिन लॉरेंस गिरोह के इस्तेमाल का आरोप लगाने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत शक के घेरे में खड़ा दिखने लगा है।

खालिस्तान को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी अस्सी के दशक में ही शुरू हो गई थी, जब 1985 में एयर इंडिया के कनिष्क विमान में ब्रिटेन के आकाश में हुए विस्फोट में 329 यात्री मारे गए थे। तब जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भी साजिशकर्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन अब इन अलगाववादियों को इतना बढ़ावा मिलने लगा है कि वे खुलेआम भारतीय राजनयिकों के फोटो गुरुद्वारों पर लगा कर उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी दिखाई जाती है। यह सब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर होता है और कनाडा का पुलिस तंत्र व प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है।

कुछ इसी तरह के दृश्य अमेरिका और ब्रिटेन में भी देखे गए हैं। अलगाववादियों की शिकायतों को लेकर फाइव आइज के साझेदार देश (अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड) काफी संवेदनशील नजर आते हैं। फाइव आइज देशों में सिख प्रवासियों की अच्छी तादाद है। उन देशों में इनके वोट कीमती माने जाते हैं। शायद यही वजह थी कि पिछले सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति बाइडन के साथ बैठक से कुछ ही घंटे पहले वाइट हाउस में खालिस्तानी नेताओं को आमंत्रित कर यह भरोसा दिया गया था कि उनकी सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। सवाल है कि भारत कब तक ऐसी बातों को नजरअंदाज करेगा कि किसी अलगाववादी की शिकायत पर एक अमेरिकी अदालत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की पेशी का आदेश जारी कर दे।

ध्यान रहे, ताजा घटनाक्रम के बाद कनाडा ने न केवल अमेरिका को पूरी जानकारी दी बल्कि फाइव आइज के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक कर उन्हें भी पूरी स्थिति से अवगत कराया। बहुत संभव है कि आने वाले दिनों में भारत के इन देशों से रिश्तों पर कुछ आंच आए। हालांकि ये देश भारत को बड़े बाजार के तौर पर देखते हैं और उसके साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर रहे हैं। लेकिन भारत अपनी आर्थिक ताकत का डंका एक सीमा तक ही बजा सकता है। उसे आर्थिक ताकत बनाने में ये देश भी सहयोग कर रहे हैं क्योंकि ये चीन के साथ अपने रिश्तों को सीमित कर भारत को विकल्प के तौर पर अपनाना चाहते हैं।

अमेरिका के साथ तो भारत के रिश्ते काफी गहराई ले चुके हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा से लेकर आर्थिक व सामरिक मामलों में सहयोग काफी बढ़ा है। यदि इन देशों में खालिस्तानियों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भारत भी अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर चोट पहुंचते नहीं देख सकता। इन देशों को समझना होगा कि भारत के पंजाब में खालिस्तान का नाम कुछ मुट्ठी भर लोग ही लेते हैं और इसके लिए आंदोलन भारत की धरती पर नहीं बल्कि कनाडा सहित फाइव आइज देशों में ही चलाया जा रहा है, जिसके पीछे चंदा और वसूली का बहुत मजबूत तंत्र काम कर रहा है।

फाइव आइज के दो देश- ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका- चार देशों के संगठन क्वाड के भी सदस्य हैं। ऐसे में भारत की नाराजगी की वजह से क्वाड के सदस्य देशों में परस्पर विश्वास घट सकता है। अमेरिका व पश्चिमी देशों को समझना होगा कि इनके साथ सामरिक साझेदारी कितनी भी अहम क्यों न हो, भारत इसके लिए अपनी राष्ट्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं कर सकता।

## हास्य-व्यंग्य

# नृत्य-प्रधान विश्व करि राखा...

**आलोक पुराणिक**

**भागवत** कथा के एक आयोजन में बैठा हुआ था, कथावाचक ने म्यूजिकल ब्रेक दिया और तन-डोले, मन -डोले की धुन पर नागिन डांस चल पड़ा। महिलाएं हाथ को ऊपर फन की मुद्रा में ले जाकर लहराने लगीं। भागवत कथा में नागिन-नृत्य चल निकला है इन दिनों। म्यूजिकल ब्रेक के बाद फिर कथा चल निकलती है।

टीवी पर एक और धार्मिक आयोजन देख रहा था, उसमें भी नृत्य हो रहा था, यहां यद्यपि नागिन डांस नहीं था। वहां शाहरुख खान की पुरानी फिल्म के गाने की धुन पर था-जरा तस्वीर से तू निकल कर सामने आ मेरी महबूबा। धुन वही थी, बोल यूं कर दिये गये थे-जरा तस्वीर से तू निकल कर सामने आ ओ मेरे बाबा। किन्ही बाबाजी की स्तुति में नृत्य मचा हुआ था।

नृत्य-प्रधान विश्व करि रखा, जो जहां देखहुं, सो वहीं नाचा। जहां जिसे मौका मिल रहा है, वो वहीं नाचे ले रहा है। शादी में नागिन-डांस तो संवैधानिक आवश्यकता है। मुझे मेरे कानून-विद मित्र बताते हैं कि जिस शादी में नागिन-डांस ना हो, वह शादी अवैध ठहरायी जा सकती है। ये देश है वीर जवानों का और तन डोले पर नागिन-डांस जिन शादियों में ना हुआ, वो शादियां ज्यादा लंबी नहीं चल पातीं, ऐसा मेरे समाजशास्त्री मित्र बताते हैं।

नृत्य-प्रधान विश्व करि राखा। नागिन का अवतरण बोलो इस धरती पर क्यों हुआ-जवाब-दो वजहों से। एक तो यह नागिन सीरिज की कई फिल्में बनायी जानी थीं। दूसरी वजह यह कि शादी में नागिन-डांस की रस्म अनिवार्य थी, इसलिए नागिन होना जरुरी था। नागिन हो, उसका नृत्य देखा जा सके। उस नृत्य को याद करके नागिन-डांस किया जा सके।

हालांकि शादी में नागिन-डांस करनेवाले काफी लोग जिस टुन्नावस्था में होते हैं, उसमें नागिन-डांस को याद करना तो दूर, यह तक भी याद नहीं रहता है कि वो खुद कौन हैं। बैंड-तन-डोले,मन-डोले की धुन बजाता रहता है, और नागिन-डांसर जमीन पर रगड़-घिस्सा या लोट लगाता रहता है। बेमौसम इठलायमान सड़क पर पड़े कुत्ते के करीब ज्यादा बैठता है ऐसा नागिन-डांसर। पर नागिन-डांसर के चाहनेवाले इसे नागिन-डांस कहते हैं। अगर कभी कोई नागिन इतनी समझदार हो जाये कि अपने नाम पर चलने वाले इस डांस को देख पाये, तो शर्म में डूबकर या तो वो आत्म-हत्या करने की ओर प्रवृत्त हो जायेगी या प्रतिशोध की ज्वाला में ज्वलित होकर वो सारे नागिन -डांसरों को एक झटके में काटकर खत्म करने का प्रण ले लेगी। खैर साहब डांस हो रहे है, नागिन डांस भी हो रहे हैं। अब तो धार्मिक आयोजनों में भी हो रहे हैं। शादी से लेकर धार्मिक आयोजनों तक में नागिन डांस मचा हुआ है। मैं नागिन डांस का कायल हो गया हूं। धार्मिक आयोजनों में चला लो, शादी डांस में चला लो। ऐसे मौका-निरपेक्ष डांस कम ही होते हैं। बड़े-बड़े शास्त्रीय डांस हांफ रहे हैं, अब ना आता कोई उन्हे देखने। पर नागिन डांस हर मौके पर चले ही जा रहा है। लोग नाचना चाहते हैं, मौका मिलना चाहिए। मौका मिलते ही नाच मचा लेते हैं। मेरे एक नौजवान मित्र हर आयोजन में कुछ एक्सूलिवपना चाहते हैं।

# हैदराबाद एफसी पर दबदबा कायम रखना जमशेदपुर एफसी का लक्ष्य

**जमशेदपुर, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के पांचवें मैच सप्ताह के अंतिम मुकाबले में शानदार फॉर्म में चल रही जमशेदपुर एफसी और जुझारू हैदराबाद एफसी 21 अक्टूबर, सोमवार को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भिड़ेंगी। जमशेदपुर एफसी ठोस शुरुआत को जारी रखना चाहती है जबकि हैदराबाद एफसी सीजन की अपनी पहली जीत की उम्मीद कर रही है।





**मजबूत स्थिति में है जमशेदपुर एफसी: गोल का सिलसिला:** रेड माइनर्स गोल पोस्ट के सामने घातक रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपने पिछले सात आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में स्कोर किया है। वे सीजन की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करके चार मैचों में नौ अंक जुटा चुके हैं।

**दबदबा:** रेड माइनर्स ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले तीन मुकाबलों में जीते हैं, जिससे उनका दबदबा नजर आता है। अगर वे आगामी मैच जीत लेते हैं, तो आईएसएल इतिहास में किसी भी टीम के खिलाफ लगातार चार जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

**क्या हैदराबाद एफसी लय में आएगी?: रक्षात्मक रवैया:** हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच में चेन्नइयन एफसी के खिलाफ क्लीन शीट हासिल की और अपने पिछले पांच मैचों में कम से कम दो गोल खाने का अनचाहा सिलसिला तोड़ा। वो मार्च 2023 के बाद पहली बार लगातार क्लीन शीट रखने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। हालांकि, उसे अपने हमलों में पैनापन लाने की जरूरत है, क्योंकि वो इस सीजन में जीत से वंचित है।

कोच थांगबोई सिंग्टो की टीम का इरादा इस सीजन में लगातार सकारात्मक परिणाम पाने का होगा। हैदराबाद के पास पहली बार लगातार आईएसएल मैचों में अपराजित रहने का मौका है। वो दिसंबर 2022 से फरवरी 2023 तक लगातार चार मैचों में अपराजित रही थी।

**आमने-सामने:** दोनों टीमें आईएसएल में एक-दूसरे से 10 बार भिड़ी हैं। जमशेदपुर एफसी ने पांच मैच जीते हैं जबकि हैदराबाद एफसी एक बार जीती है। चार मुकाबले ड्रा रहे हैं।

**जमशेदपुर एफसी को सकारात्मक परिणाम चाहिए:** जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील अपनी टीम को घरेलू परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हैदराबाद एफसी की क्षमताओं की जानकारी है।

जमील ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण मैच है। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक अच्छी टीम से खेलेंगे। हैदराबाद पहले से अधिक मजबूत हुई है। हमें अच्छी तैयारी के साथ माकूल परिणाम पाने हैं।

**टीम मजबूत हुई है:** हेड कोच थांगबोई सिंग्टो के अनुसार हैदराबाद एफसी पिछले कुछ हफ्तों में टीम के रूप से बेहतर हुई है। इससे उन्हें मैदान पर सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी एक टीम के तौर पर मजबूत हुए हैं। फुटबॉल एक टीम खेल है। अगर वे इस भावना को मैदान पर उतारेंगे तो परिणाम अपने आएंगे।'

**प्रमुख खिलाड़ी और उपलब्धियां:** जमशेदपुर एफसी के इमरान खान (9) आईएसएल 2024-25 के दौरान गोल करने के मौके बनाने के मामले में भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। उन्होंने सभी मौके ओपन प्ले से बनाए हैं।

हैदराबाद एफसी के स्ट्राइकर देवेंद्र मुरगांवकर को अगर मैदान पर उतारा जाता है तो वह आईएसएल में 50 मैच पूरे कर लेंगे।

जमशेदपुर एफसी के डिफेंडर स्टीफन एज़े ने आईएसएल 2024-25 में प्रति मैच औसतन 7.5 क्लीयरेंस किए हैं।

हैदराबाद एफसी के लिएंडर डी'कुन्हा ने इस सीजन में डिफेंसिव थर्ड में औसतन प्रति मैच 5.5 बार कब्जा वापस जीता है।

**आईएसएल फैंटेसी पिक्स:** लेनी रोड्रिग्स (5.5 करोड़)। उन्होंने इस सीजन में 12 फैंटेसी अंक अर्जित किए हैं।

जावी हर्नांडेज (9.6 करोड़), उन्हें अब तक 21 फैंटेसी अंक प्राप्त हुए हैं।

इंडियन सुपर लीग का लाइव स्ट्रीम जियोसिनेमा (अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली और मलयालम) पर मुफ्त में किया जाएगा और स्पोर्ट्स 18-3 (अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली और मलयालम), एशियानेट प्लस (मलयालम) पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा स्पोर्ट्स 18 -1, स्पोर्ट्स 18-2 और स्पोर्ट्स 18 - खेल भी चुनिंदा आईएसएल मैचों का सीधा प्रसारण करेंगे।

## व्यापार समाचार

# टाटा एआईजी हेल्थ इन्शुरन्स के साथ अपने परिवार के स्वास्थ्य को डेंगू से सुरक्षित रखें

**जयपुर।** राज्य में डेंगू के मामले और उसकी वजह से लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रही है। कई इलाकों में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या भी भारी मात्रा में बढ़ रही है और चिकित्सा देखभाल की मांग में भी वृद्धि हो रही है। स्थिति की गंभीरता को मद्देनज़र रखते हुए, भारत की एक अग्रणी बीमा कंपनी, टाटा एआईजी ने, डेंगू जैसी वेक्टर जनित बीमारियों से परिवारों की सुरक्षा के लिए व्यापक स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान किया है।

इस साल राज्य में डेंगू के मामले बढ़कर 6,901 हो गए हैं, जिसमें सिर्फ़ 11 दिनों में 2,273 नए मामले आए हैं। 1-11 अक्टूबर तक, राज्य में डेंगू के 2,273 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान दर्ज़ किए गए 1,236 मामलों से काफी ज़्यादा हैं। डेंगू और अन्य संबंधित बीमारियों के प्रबंधन में शामिल चुनौतियों और खर्चों को ध्यान में रखते हुए, समय पर और पर्याप्त मेडिकल इलाज के लिए अच्छा स्वास्थ्य बीमा होना ज़रूरी है। टाटा एआईजी की व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां इन ज़रूरतों और अन्य ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

**स्वास्थ्य बीमा कवर की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: इन-पेशेंट इलाज:** पॉलिसी अवधि के दौरान बीमारी/चोट के कारण अस्पताल में भर्ती होने के खर्चों को कवर किया जाता है, इसमें बीमित व्यक्ति का इनपेशंट के तौर पर अस्पताल में भर्ती होना ज़रूरी होता है, कोई भी उप-सीमा नहीं है और बीमा राशि तक का कवर मिलता है।

ठपॉलिसी के नियमों और शर्तों के अधीन रहकर, मरीज़ को प्रत्येक पॉलिसी वर्ष में आउट-पेशेंट कन्सल्टेशन और मेडिकेशन के लिए रु.20,000 तक के कवर तक पहुंच प्रदान करता है। इससे मरीज़ को समय पर मेडिकल देखभाल और आवश्यक मेडिकेशन मिलता है, जिससे लोगों को वित्तीय चिंताओं के बिना अपने स्वास्थ्य को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलती है।

**कंज्यूमेबल कवर:** यदि अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो पॉलिसी में न केवल अस्पताल में भर्ती होने की लागत को कवर किया जाता है, बल्कि उपचार के हिस्से के रूप में आवश्यक बताई गयी सामग्रियों के खर्चों को भी कवर किया जाता है। इससे मरीज़ों को अस्पताल में भर्ती होने के समय अतिरिक्त मेडिकल आवश्यकताओं के लिए भारी खर्च का सामना नहीं करना पड़ता है।

**अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्च:** इसमें अस्पताल में भर्ती होने के दिन से पहले और अस्पताल से छुट्टी के बाद के निर्धारित दिनों तक कंसल्टेशन, जांच और दवाओं के लिए किए गए खर्चों को कवर किया जाता है।

**बीमित बच्चे के साथ जाने के लिए दैनिक नकद:** यदि अस्पताल में भर्ती बीमित व्यक्ति 12 वर्ष या उससे कम आयु का बच्चा है, तो इस कवर के तहत, बच्चे के साथ 24 घंटे के लिए रहने वाले एक वयस्क के लिए, हर दिन ज़्यादा से ज़्यादा 2000 रुपये तक की एक निश्चित लाभ राशि का भुगतान किया जाएगा।

**एम्बुलेंस कवर:** आपातकालीन स्थिति में भर्ती होने के लिए रजिस्टर्ड एम्बुलेंस में बीमित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने या बेहतर मेडिकल सुविधाओं और उपचार के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाने पर होने वाले खर्च को निर्दिष्ट सीमाओं के अधीन रहकर कवर किया जाता है।

सामान्य/विशेषज्ञ डॉक्टरों से असीमित टेलीकन्सल्टेशन और बीमित व्यक्ति के लिए अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए डाइट कन्सल्टेशन जैसी मूल्य वर्धित सेवाएँ।

**भारत में कैशलेस हॉस्पिटलाइज़ेशन:** देश भर में 650 से अधिक अस्पतालों के नेटवर्क तक पहुँच और अस्पताल में भर्ती होने से लेकर छुट्टी तक पूरी तरह से कैशलेस सेटलमेंट।

टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स में हेल्थ प्रोडक्ट एंड प्रोसेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पुरी ने कहा, डेंगू जैसी बीमारियों के मामले लगातार तेज़ी से बढ़ रहे हैं, इस स्थिति को मद्देनज़र रखते हुए टाटा एआईजी सुलभ और व्यापक स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी पॉलिसियां व्यापक कवरेज प्रदान करती हैं, जिसमें कैशलेस हॉस्पिटलाइज़ेशन, कंज़्यूमेबल लाभ, ओपीडी उपचार और नियोजन करके अस्पताल में भर्ती होने के लिए वैश्विक कवर शामिल है, जो स्वास्थ्य संकट के दौरान परिवारों पर खर्चों के बोझ को कम करने में मदद करता है। कई बीमारियाँ बढ़ रही हैं, पूरी जानकारी के साथ स्वास्थ्य सेवा विकल्पों और सुलभ बीमा समाधानों का समर्थन करना आवश्यक है। जागरूकता बढ़ाकर, व्यक्ति सीज़नल स्वास्थ्य चुनौतियों के खिलाफ खुद को बेहतर तरीके से तैयार और सुरक्षित कर सकते हैं।

# कोस्मो फाउन्डेशन ने बीएसएफ के साथ लॉन्च की मियावाकी वन पहल, बीएसएफ के पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय अश्विनी कुमार की याद में आयोजित किया वृक्षारोपण अभियान

**गुरूग्राम, एजेंसी।** कोस्मो फर्स्ट की सीएसआर पहल कोस्मो फाउन्डेशन ने गुरूग्राम स्थित बीएसएफ परिसर में मियावाकी वृक्षारोपण अभियान का लॉन्च किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में फाउन्डेशन के प्रयासों में एक और उल्लेखनीय कदम है।

वृक्षरोपण अभियान का आयोजन 95 बटालियन बीएसएफ परिसर, भोंदसी, सोहना रोड़, गुरूग्राम, हरियाणा में हुआ। इस पहल के तहत 5500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को कवर करते हुए प्रसिद्ध मियावाकी पद्धति से 15,000 से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इस पद्धति को घने, शहरी वनों के निर्माण के लिए जाना जाता है।

बीएसएफ के साथ इस वृक्षारोपण अभियान पर बात करते हुए श्री अशोक जयपुरिया, चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक, कोस्मो फर्स्ट ने कहा, ''कोस्मो फर्स्ट में हम अपने संचालन में स्थायित्व को प्राथमिकता देते हैं। हम नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करते हैं और इस क्षेत्र में अपनी क्षमता को 70 फीसदी तक बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा उत्पादों की दक्षता बढ़ाने, हानिकारक उत्सर्जन को कम करने तथा संचालन एवं आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को अनुकूलित करने के हमारे प्रयास न सिर्फ पर्यावरण के लिए फायदेमंद हैं बल्कि हमारे कारोबार को भी गति प्रदान करते हैं। इस वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से हमने पर्यावरण और जैव विविधता को सुरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बना लिया है।''

कार्यक्रम के दिन यानि 19 अक्टूबर का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय अश्विनी कुमार की पुण्यतिथि है। जो बीएसएफ के महानिदेशके रूप में सेवानिवृत हुए तथा कोस्मो फाउन्डेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी यामिनी जयपुरिया के पिता थे।




''मेरे पिता अश्विनी कुमार की याद में हम इस वृक्षारोपण अभियान का आयोजन कर रहे हैं। सार्वजनिक सेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता और प्रकृति के लिए उनका प्यार ही है जो कोस्मो फाउन्डेशन में हमारे कार्यों को प्रेरित करता है।

हमारी यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सक्रियता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बीएसएफ के साथ साझेदारी में हम हरित स्पेसेज़ का निर्माण कर रहे हैं और समाज में पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार दृष्टिकोण को बढ़ना चाहते हैं।'' यामिनी जयपुरिया, मैनेजिंग ट्रस्टी, कोस्मो फाउन्डेशन ने कहा।

इससे पहले भी कोस्मो फाउन्डेशन पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रहा है। पिछले वृक्षारोपण अभियान के तहत 15,000 से अधिक देशी पौधे लगाए गए थे और दिल्ली में भारतीय सेना के साथ मियावाकी वन का निर्माण किया गया था।

माना जाता है कि मियावाकी पद्धति का इस्तेमाल करने से, वन पारम्परिक तरीकों की तुलना में 10 गुना तेज़ी से विकसित होते हैं। इससे घने देशी वन स्थापिन करने और स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

''यह वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में कोस्मो फाउन्डेशन की सराहनीय पहल है। मेरा मानना है कि आज हम इन प्रयासों के साथ समाज पर गहरा प्रभाव उत्पन्न कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण स्थापित कर रहे हैं।'' श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा।

यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में फाउन्डेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री अश्विनी कुमार की धरोहर को सम्मानित करता है।

वृक्षारोपण अभियान के दौरान बीएसएफ के स्टाफ एवं कमांडेंट, सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी, स्वर्गीय श्री अश्विनी कुमार का परिवार, कोस्मो फर्स्ट के वरिष्ठ कर्मचारी, विद्या स्कूल के छात्र मौजूद रहे। विद्या स्कूल अपने आधुनिक क्लासरूम्स और पाठ्यक्रम के माध्यम से झुग्गी बस्तियों के बच्चों को समग्र शिक्षा एवं जीवन कौशल प्रदान करता है। इसी तरह जामिया हमदर्द युनिवर्सिटी के छात्रों ने भी आयोजन में हिस्सा लिया और पौधे लगाकर धरती माता को पोषित करने का संकल्प लिया।

अब तक फाउन्डेशन 1 लाख पौधे लगा चुका है, जिनमें औरंगाबाद के छत्रपति संभाजी नगर और वड़ोदरा में स्थानीय किसानों के साथ लगाए गए फलों के वृक्ष, नई दिल्ली में एक मियावाकी वन तथा छत्रपति संभाजी नगर, औरंगाबाद में एक जैव विविधता हब शामिल है।

इन प्रयासों के तहत 168 एकड़ से अधिक ज़मीन को कवर किया गया, जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिला, हवा की गुणवत्ता में सुधार आया। साथ ही किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए उन्हें खेती के वैज्ञानिक तरीकों पर शिक्षित भी किया गया।

फाउन्डेशन ने औरंगाबाद एयरपोर्ट और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के करजन फ्लायओवर के नीचे भी हरित स्पेस विकसित कर उनका रखरखाव किया है, जो स्थायी शहरी पर्यावरण के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभिन्न सरकारी स्कूलों में वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण में निवेश किया गया है। पर्यावरण संरक्षण प्रोग्रामों के अलावा कोस्मो फाउन्डेशन शिक्षा, स्वास्थ्य और सेनिटेशन के प्रयासों में भी सक्रिय है, जो समुदाय के विकास और स्थायी जीवनशैली के लिए इसके समग्र दृष्टिकोण को इंगित करता है।

कोस्मो वृक्षारोपण अभियान की सम्पूर्ण परियोजना को टेकनिकल पार्टनर- प्रयास यूथ फाउन्डेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। जिनके पास हरित पर्यावरण को सशक्त बनाने का व्यापक अनुभव है।

# बीपीसीएल मुंबई रिफाइनरी ने स्वदेशी एफसीसी बॉटम्स क्रैकिंग एडिटिव 'भारत बीसीए' के वाणिज्यिक उपयोग का किया उद्घाटन

**मुंबई, एजेंसी।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), एक 'महारत्न' कंपनी, ने मुंबई रिफ़ाइनरी में अपने स्वदेशी रूप से विकसित एफसीसी बॉटम्स क्रैकिंग एडिटिव, 'भारत बीसीए' के व्यावसायीकरण की घोषणा की है।

यह नवाचार बीपीसीएल की टिकाऊ और लागत प्रभावी रिफ़ाइनिंग तकनीक के प्रति प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीपीसीएल के कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास केंद्र (सीआरडीसी) द्वारा विकसित भारत बीसीए कैटेलिस्ट को भारी स्पष्ट तेल, जिसे आमतौर पर 'बॉटम्स' के रूप में जाना जाता है, को उच्च-मूल्य वाले हल्के उत्पादों में बदलने के लिए तैयार किया गया है। यह इनोवेशन परिचालन दक्षता में सुधार और शोधन प्रक्रिया में लागत को कम करके महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान करता है.

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, अभय राज भंडारी, कार्यकारी निदेशक (मुंबई रिफ़ाइनरी) ने कहा, भारत बीसीए का व्यावसायीकरण बीपीसीएल की अग्रणी इनोवेटिव और टिकाऊ प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सफलता से न केवल हमारी रिफ़ाइनरी को लाभ होगा, बल्कि पूरे उद्योग पर भी इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि हम लागत प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधानों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे।

भारत बीसीए कैटेलिस्ट का औपचारिक शुभारंभ कार्यकारी निदेशक (एमआर), अनुसंधान एवं विकास प्रमुख और श्री सुनील राउत द्वारा कैटेलिस्ट एडिटिव लोडर के उद्घाटन द्वारा चिह्नित किया गया था, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सीआरडीसी टीम की सराहना की।

उन्होंने भविष्य में निरंतर सफलताओं के लिए अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, सीआरडीसी और एमआर ने एमआर में अन्य स्वदेशी उत्प्रेरकों के विकास और व्यावसायीकरण को भी स्वीकार किया, जिसमें सीओ दहन प्रमोटर योजक, गैसोलीन सल्फर कमी उत्प्रेरक और एलओबीएस कैटेलिस्ट शामिल हैं।

आरएंडडी प्रमुख एन. चंद्रशेखर ने सीआरडीसी टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, 'भारत बीसीए कैटेलिस्ट हमारी आंतरिक क्षमताओं और विभागों में सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है। हमें एक ऐसा समाधान विकसित करने पर गर्व है जो न केवल बीपीसीएल के स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखित है बल्कि हमें रिफाइनिंग तकनीक के मामले में सबसे आगे भी रखता है।'

उद्घाटन समारोह का नेतृत्व अभय राज भंडारी, कार्यकारी निदेशक (मुंबई रिफाइनरी) और श्री एन चंद्रशेखर, प्रमुख अनुसंधान एवं विकास द्वारा किया गया, जिसमें रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें श्री ए आर चौधरी, सीजीएम (टेक्नोलॉजी), के के दास, सीजीएम (ऑपरेशन), एम बी मेट, सीजीएम (मेंटेनेंस), डीपी चंद्रमोर, सीजीएम (सीआरपीओ), एस के शुक्ला, जीएम (मैन्युफैक्चरिंग), एसएस अग्रवाल, जीएम (टेक्नोलॉजी), एस एन काले, जीएम (मेंटेनेंस), सुनील राउत, डीजीएम (पर्यावरण), एन मंत्री, डीजीएम (सीडीयू 4 और सीसीआर), के बी जैमन, डीजीएम (ऑपरेशन), हरीश लोडवाल, डीजीएम (मेंटेनेंस), और श्री एसएस पेरुमल, डीजीएम (ई एंड सी) शामिल थे। इसके बाद डॉ. चिरंजीवी थोटा, जीएम (आरएंडडी), डॉ. सुप्रियो मजूमदार, प्रबंधक (आरएंडडी) और अजय खांडे, प्रबंधक (आरएंडडी) द्वारा भारत बीसीए की यात्रा पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। यह कार्यक्रम पूरी टीम के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण था, जिसमें स्वदेशी उत्प्रेरक विकास में बीपीसीएल की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने वाली एक उपलब्धि का जश्न मनाया गया।

भारत बीसीए की यात्रा 2017 में शुरू हुई, जिसका उद्देश्य फ्लूइड कैटेलिटिक क्रैकिंग (एफसीसी) प्रक्रिया के लिए लागत प्रभावी उत्प्रेरक विकसित करना था। पिछले कुछ वर्षों में, बीपीसीएल की आरएंडडी टीम ने सफलतापूर्वक उत्पादन बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप 50 टन उत्प्रेरक का निर्माण हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर मुंबई रिफ़ाइनरी में पेश किया गया। यह 'मेड इन इंडिया' उत्पाद अब देश भर की रिफ़ाइनरियों और उसके बाहर इस्तेमाल के लिए तैयार है, जिससे वैश्विक रिफ़ाइनिंग क्षेत्र में भारत की स्थिति और मजबूत होगी।

भारत बीसीए की शुरुआत बीपीसीएल द्वारा अन्य स्वदेशी उत्प्रेरकों के सफल विकास के बाद हुई है, जिसमें सीओ दहन प्रमोटर एडिटिव, गैसोलीन सल्फर रिडक्शन उत्प्रेरक और एलओबीएस उत्प्रेरक शामिल हैं। साथ में, ये प्रगति नवाचार में बीपीसीएल के नेतृत्व और अनुसंधान-संचालित, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ उत्पादों के माध्यम से मूल्य प्रदान करने की इसकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस पर शुरू किया राष्ट्रव्यापी अभियान

**चेन्नई, एजेंसी।** विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस (20 अक्टूबर) के अवसर पर देश की अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस वर्ष के अभियान के तहत महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। देश में ऑस्टियोपोरोसिस के निदान किए गए मामलों में 69 प्रतिशत रोगी महिलाएं हैं, जो एक चौंका देने वाला आंकड़ा है। ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में इस राष्ट्रव्यापी अभियान में इस बीमारी के बारे में जनता को शिक्षित करने और प्रारंभिक निदान और निवारक उपायों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

इस पहल के तहत स्टार हेल्थ 19 अक्टूबर, 2024 को चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और बैंगलोर सहित भारत भर के 46 से अधिक शहरों में बोन स्कैन की निशुल्क सुविधा प्रदान करेगा। इन स्कैन के साथ-साथ शैक्षिक कल्याण शिविर भी होंगे, जहाँ उपस्थित लोगों को पोषण संबंधी सलाह, स्वास्थ्य पेशेवरों से परामर्श और ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने और इससे निपटने के तरीके के बारे में संसाधन प्राप्त होंगे।

स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री आनंद रॉय ने निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, ''ऑस्टियोपोरोसिस अस्थियों की सबसे आम बीमारी है, जो 50 वर्ष से अधिक उम्र की 3 में से 1 महिला और 5 में से 1 पुरुष को प्रभावित करती है। इस पहल के साथ हमारा लक्ष्य शुरुआती पहचान के लिए उपकरण प्रदान करना और लोगों को अपनी हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रबंधन में सक्रिय कदम उठाने के लिए सशक्त बनाना है। देश भर में निशुल्क बोन स्कैन की पेशकश और जागरूकता शिविर चलाकर, हमारा लक्ष्य ऑस्टियोपोरोसिस के दीर्घकालिक प्रभाव को कम करना और जोखिम वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह पहल निवारक स्वास्थ्य सेवा और एक स्वस्थ भारत बनाने पर स्टार हेल्थ के बड़े कल्याण फोकस का हिस्सा है।''

**भारत में ऑस्टियोपोरोसिस - एक बढ़ती चिंता:** ऑस्टियोपोरोसिस, एक ऐसी स्थिति है जो हड्डियों को कमज़ोर बनाती है और फ्रैक्चर के जोखिम को बढ़ाती है, अक्सर इसका निदान और उपचार नहीं किया जाता है, खासकर महिलाओं में। उम्र के साथ हार्मोनल परिवर्तनों के कारण, महिलाओं में इसका जोखिम अधिक होता है, और यह बीमारी आमतौर पर तब तक शांत रहती है जब तक कि फ्रैक्चर न हो जाए। इसका जीवन की गुणवत्ता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिससे दीर्घकालिक विकलांगता या यहाँ तक कि मृत्यु भी हो सकती है।

वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही तक, स्टार हेल्थ ने ऑस्टियोपोरोसिस से संबंधित 1,566 दावों को प्रोसेस किया है, जिसमें महिलाओं से संबंधित मामलों की संख्या बहुत ज्यादा है। ये आँकड़े सार्वजनिक जागरूकता और निवारक उपायों को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं, खासकर महिलाओं के बीच, जो असमान रूप से प्रभावित होती हैं। प्रारंभिक पहचान के बिना, ऑस्टियोपोरोसिस तब तक अनदेखा रह सकता है जब तक कि हड्डियाँ इतनी कमज़ोर न हो जाएँ कि छोटी-छोटी घटनाएँ भी फ्रैक्चर का कारण बन सकती हैं।

**विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस पर शुरू अभियान की मुख्य विशेषताएँ:** 19 अक्टूबर को भारत भर के 46 से अधिक शहरों में नि:शुल्क अस्थि स्कैन, जिसमें चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और बैंगलोर जैसे प्रमुख महानगर शामिल हैं।

50 वेलनेस कैंप पोषण संबंधी मार्गदर्शन, विशेष स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ परामर्श और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और उपचार पर शैक्षिक सत्र प्रदान करते हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है, क्योंकि वे ऑस्टियोपोरोसिस से प्रभावित सबसे बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो स्टार हेल्थ द्वारा प्रोसेस किए गए मामलों का 69 प्रतिशत हिस्सा है। नियमित व्यायाम सुनिश्चित करके, हड्डियों के लिए स्वस्थ आहार बनाए रखने और हड्डियों के क्षरण को रोकने के लिए जीवनशैली में बदलाव करने की अपील। हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए कदम उठाने का आग्रह करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया गया है। ऑस्टियोपोरोसिस, एक ऐसी स्थिति है जो हड्डियों को कमजोर करती है और फ्रैक्चर के उच्च जोखिम को जन्म देती है, यह एक ऐसी मूक बीमारी है जिसका सबसे अच्छे समय में अक्सर निदान नहीं हो पाता और इस कारण इसके उपचार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। यह बीमारी मुख्य रूप से उम्र के साथ हार्मोनल परिवर्तनों के कारण महिलाओं को अधिक प्रभावित करती है, लेकिन यह पुरुषों को भी तेजी से प्रभावित कर रही है।

# पुणे-जोधपुर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**100 से ज्यादा पैसेंजर्स की हवा में अटकी रहीं सांसें, तलाशी के बाद दिल्ली रवाना किया**

जोधपुर,21 अक्टूबर। पुणे से जोधपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट को श्व-स्र्बुद्वद्य भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस और अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर विमान की तलाशी ली गई। इसके बाद फ्लाइट को दिल्ली रवाना किया गया।

ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पैसेंजर के सामान की तलाशी ली गई, इसमें अभी तक कोई विस्फोटक सामान नहीं मिला है। एजेंसियों को सूचना दे दी गई है। फ्लाइट को आगे रवाना करने की तैयारी की जा रही है। बम निरोधी दस्ते और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया था। जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट अथॉरिटी को इंडिगो की फ्लाइट 6133 को बम से उड़ाने का ईमेल आया था। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयरपोर्ट थाने को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। इसकी सूचना मिलने के बाद तुरंत ही फ्लाइट को आइसोलेशन-वे में लैंड करवाया गया। धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई। अभी तक कोई बम जैसी वस्तु नहीं मिली है। यह फ्लाइट पुणे से सुबह 11.50 पर रवाना हुई थी। दोपहर 1.07 पर जोधपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी। इसी बीच एयरपोर्ट प्रशासन को फ्लाइट में बम होने की सूचना मिली। इससे पहले किशनगढ़ एयरपोर्ट पर 19 अक्टूबर को स्टार एयरलाइंस के विमान में बम की सूचना मिली थी। बम निरोधक दस्ते की ओर से सिक्योरिटी क्लियरेंस देने के बाद विमान को आगे रवाना किया गया था।

## घर से निकली महिला के साथ रेप का प्रयास, बीच-बचाव के लिए आए पति और ससुर के साथ आरोपियों ने की मारपीट

जोधपुर,21 अक्टूबर। जोधपुर शहर में के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में शौच के लिए निकली महिला के साथ आरोपियों ने रेप का प्रयास किया। उसके चिल्लाने पर बीच-बचाव के लिए पति जेठ और ससुर के साथ भी मारपीट की। अब महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। थाने में दी रिपोर्ट में प्रार्थिया ने बताया कि 19 अक्टूबर की सुबह करीब 6.30 बजे वह शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गलत काम करने के लिए इरादे से आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ गलत काम करने का प्रयास करने लगे। इस पर वह चिल्लाई तो उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके पति, जेठ और ससुर दौड़ कर आए और बीच बचाव कर उन्हें छुड़वाने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। जिससे उनके पति और परिवार के लोग घायल हो गए। फिलहाल पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है। मामले की जांच थाना अधिकारी देवी चंद् ढाका कर रहे हैं।

# फलोदी जिले मोबाइल टावर चोरी की गैंग एक्टिव

**बैटरी बैकअप के दरवाजे उखाड़कर चुराया 12 लाख का सामान**

जोधपुर,21 अक्टूबर। फलोदी जिले में मोबाइल टावर से लगातार चोरियों के मामले सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में एक और मामला बाप थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां पर थाना क्षेत्र के घटोर में अमरेला कंपनी की ओर से लगाए गए बैटरी बैक शेल्टर के दरवाजे तोड़कर चोर बैटरी बैकअप चुरा कर ले गए। अब पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है। चोरी हुए बैटरी बैकअप की कीमत लाखों रुपए में है। थाने में दी रिपोर्ट में एयरटेल भारती के स्टेट मैनेजर जोधपुर संभाग भरत सिंह राजवी ने बताया कि 4 अक्टूबर की रात में अज्ञात चोर बाप थाना क्षेत्र में अमरेला कंपनी के दो बैटरी बैक शेल्टर चुरा कर ले गए। चोर बैटरी बैकअप रूम के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और मिनटों में बैकअप चुरा करले गए।

एक बैटरी बैंक में 24 सेल होते हैं। जिनमें एक की कीमत करीब 5 से 6 लाख तक होती है। चोर इन्हें बाजार में सस्ते दर पर बेच देते हैं। बैटरी बैंक मोबाइल टावर को बिजली गुल होने की स्थिति में पावर देता है। ताकि मोबाइल नेटवर्क चालू रह सकें। यहां दो माह पूर्व भी चोरी का प्रयास किया गया।

उस समय अलर्ट मिलने पर टीम मौके पर पहुंची तो चोर भाग गए, लेकिन इस बार चोरों ने दरवाजा तोड़कर दो बैटरी बैंक चुरा लिए।

# सूने मकान के ताले तोड़कर चोरी, डीवीआर भी ले गए

**80 हजार नकद व जेवरात चुराए, आलमारी के ताले तोड़कर वारदात**

अजमेर, 21 अक्टूबर। अजमेर के क्रिश्चयगनंज थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर यहां से 80 हजार नकदी व जेवरात ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब सवा चार लाख रुपए है। चोर यहां लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। काल नगर हनुमान विहार अजमेर निवासी सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि वह श्री सीमेन्ट रास में कार्य करता हैं। उसके माता पिता दोनों घूमने बाहर गए हुए थे। घर पर कोई नहीं था। जब बाद में वे लौटे तो चोरी का पता चला। चोर मकान का बाहर का दरवाजा ताला तोडकर घर में घुसे और एक कमरे का अन्दर के दरवाजे का ताला तोडा। चार कमरों में से तीन कमरों की आलमारियों का ताला तोडा। चोर यहां से 80 हजार नकद, सोने के दो बिस्कुट कुल 3 ग्राम, सोने का मादलिया 3 ग्राम, सोने की अगुठी 5 ग्राम, सोने के टोप्स 2 ग्राम, चांदी के 25 सिक्के, चांदी का नारियल 100 ग्राम, सिल्वर मेडल बैंक आफ बडोदा, चांदी की पायल 7 नग और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब सवा चार लाख रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई जगमाल दायमा को सौंपी है। अजमेर के कचहरी रोड नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से इसके लिए पूर्व में ही नोटिस दिए जा चुके थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस के भारी जाब्ते के साथ नगर निगम के अफसर व टीम मौजूद रही। गांधी भवन से बंगाली गली तक टिन शेड व बरामदे सहित अन्य निर्माण हटाने की यह कार्रवाई की गई।

# बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर फूट-फूटकर रोए मीणा

**आलाकमान से 24 घंटे में निर्णय बदलने की मांग, उपचुनाव में सलूंबर से की थी दावेदारी**

उदयपुर, 21 अक्टूबर। सलूंबर विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेता नरेन्द्र मीणा रविवार को एक सभा में पहुंचते ही फूट-फूटकर रोने लगे। कार्यकर्ता और समर्थकों ने उन्हें गले लगाते हुए संभालने का प्रयास किया लेकिन वे रोते रहे। अपने आंसू नहीं रोक पाए। इसके बाद सभा में संबोधित करते हुए नरेन्द्र मीणा ने दिवंगत भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी मीणा को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कहा कि भाजपा पार्टी का ही कोई सदस्य या कार्यकर्ता आता तो अच्छा रहता लेकिन, आप क्यों एक ही घर में इसे समेट रहे हो। नरेन्द्र मीणा ने कहा कि अब समाज के चुनिंदा व्यक्तियों से राय लेकर जो निर्णय किया जाएगा। उसे आलाकमान को भेजेंगे। आलाकमान को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। नरेन्द्र मीणा ने कहा कि सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में जैसे ही भाजपा टिकट की घोषणा हुई। इससे यहां के कार्यकर्ता और जनता में दुख की लहर चल पड़ी। आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुझे निमंत्रण देकर यहां बुलाया। यहां हमने निर्णय लिया कि एक बार फिर आलाकमान पर विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट पर पुनर्विचार के लिए 24 घंटे का समय दिया जाए। 21 अक्टूबर तक हम निर्णय बदलने का इंतजार करेंगे। अगर निर्णय नहीं बदलता है तो सलूंबर की जनता जो कहेगी वह करूंगा। मीणा बोले, कल रात को भाजपा नेता श्रीचंद कृपलानी का मेरे पास फोन आया। उन्होंने सीएम से बात कराने के लिए बोला। लेकिन मैंने उन्हें कहा कि सलूंबर की जनता जो कहेगी। मैं वहीं करूंगा। भाजपा ने उपचुनाव में दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को टिकट देकर सहानुभूति कार्ड चला है। पिछले कई उपचुनाव में सहानुभूति कार्ड कारगर रहा है। पिछली बार राजसमंद में विधायक किरण माहेश्वरी के निधन के बाद उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिया। वह उपचुनाव भी जीती और अभी विधायक हैं। कांग्रेस राज में हुए उपचुनाव के दौरान कांग्रेस और बीजेपी ने दिवंगत विधायकों के बेटे-बेटियों को टिकट दिया और वह चुनाव जीते।

# चुनावी रंजिश के कारण पिकअप से मर्डर करने की कोशिश

***10 दिन में आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा, गाड़ी बरामद***

बाड़मेर, 21 अक्टूबर। बाइक पर जा रहे बेटे-बाप को चुनावी रंजिश के कारण पिकअप गाड़ी से जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी। इससे पिता गंभीर घायल हो गया। बालोतरा जिले के बायतु पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, वारदात में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार कोलू निवासी तगाराम पुत्र रिणछाराम ने बायतु थाने में 10 अक्टूबर को रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 9 अक्टूबर को सुबह के समय बाइक पर पिताजी के साथ कोलू गांव जा रहा था। तभी पहले से चुनावी रंजिश रखकर दुर्गाराम ने जाने से मारने की नीयत से पिकअप गाड़ी को तेजगति से चलाकर बाइक को टक्कर मारी। इससे मेरे व मेरे पिताजी के गंभीर चोट आई। पिता का नाहटा हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प?ताल शुरू की। हेड कॉन्स्टेबल गजेसिंह ने बताया कि एसपी कुंदन कंवरिया ने मामले की गंभीरत को देखते हुए अलग-अलग टीमें बनाकर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी की तलाश शुरू की। टीमों ने परंपरागत पुलिसिंग, तकनीकी मदद एवं सूचना के आधार पर आरोपी दुर्गाराम को डिटेन कर पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपी दुर्गाराम पुत्र शंभुराम निवासी नरसाली नाडी कोलू बायतु बालोतरा को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर उपयोग में ली गई पिकअप गाड़ी को जब्त किया। मामले में आरोपी से गहन पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया। आरोप के खिलाफ बायतु थाने में पहले से तीन एससी-एसटी एक्ट सहित अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज है। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल गजेसिंह, कॉन्स्टेबल मांगीलाल, भरत कुमार, उदाराम ओर देवाराम शामिल थे।

# भाद्राजून के पहाड़ी वन इलाके में लगी आग

**हवा के साथ 12 हेक्टेयर में फैली, 2 दमकलों ने 4 घंटे में पाया काबू**

जालौर, 21 अक्टूबर। जालोर के भाद्राजून में स्थित गोविन्दला के पहाड़ी जंगल एरिया दहक उठा। आग शाम करीब 6.30 बजे लगी। हवा के साथ यह 12 हेक्टेयर तक फैल गई। आग से कई पेड़ पौधे जल गए।

हालांकि सूचना पर पहुंचे अधिकारियों की सूझबूझ व जालोर से पहुंची 2 दमकल ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब 4 घंटे में आग पर काबू पाया। वन अधिकारी सन्तोष राठौड ने बताया- गोविंदला घाटी के तराई क्षेत्र में देर शाम करीब 6.30 से 7 बजे अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई।

सूचना पर नायब तहसीलदार भूराराम विश्नोई, पटवारी नरेन्द्र व दुदाराम सहित पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जालोर फायरबिग्रेड को सूचना दी। लेकिन सूखी घास होने के कारण आग हवा के साथ तेजी से फैल रही थी। जो जालोर से दमकल पहुंचने तक करीब 10 से 12 हेक्टेयर में फैल गई थी। सूचना पर जालोर से पहुंची दो दमकलों ने अन्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरों से 2-2 राउंड में पानी लाकर करीब 4 से 5 घंटों की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। हालांकि सूखी घास, बाड़े व कुछ पेड़-पौधों के अलावा कोई बड़ा नुकसान नही हुआ है तथा समय रहते आग पर काबू पा लिया।

आग पहाड़ी के ऊपरी भाग की और बढ़ रही थी। जिसके बाद आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता, वनपाल सन्तोष राठौड़ ने बताया कि आग बुझने के बाद भी करीब 2 बजे तक हम सभी अधिकारी मौके रहे तथा नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान बड़ी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## देबारी इलाके में हाईवे पर मृत पड़ा मिला लेपर्ड

उदयपुर, 21 अक्टूबर। उदयपुर के देबारी इलाके में हाईवे पर पावर हाउस के पास रविवार अलसुबह एक लेपर्ड का शव हाईवे सर्विस रोड पर पड़ा हुआ मिला। सुबह सड़क किनारे लेपर्ड मरा हुआ देखकर आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। जिंक स्मेल्टर उपसरपंच दुल्हेसिंह देवड़ा ने बताया कि संभावना है कि सड़क क्रॉस करते समय किसी अज्ञात वाहन ने लेपर्ड को टक्कर मार दी। जिससे उसके गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। सुबह सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा। लेपर्ड के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। खून बह रहा था। मैंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लेपर्ड के शव को लेकर रवाना हो गई। शव का कानूनी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार किया जाएगा। देबारी उपसरंपच चंदनसिंह देवड़ा ने बताया कि देबारी के आसपास जंगलों में लेपर्ड का अक्सर मूवमेंट रहता है। कई बार लोगों को लेपर्ड नजर आ चुके हैं।

## 9 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद, 1 आरोपी गिरफ्तार

जालौर, 21 अक्टूबर। भीनमाल पुलिस ने शनिवार को कृषि बेरे पर बने कमरे से 9 किलो 222 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ आरोपी हनुमानराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीनमाल थानाधिकारी रामेश्वर भाटी ने बताया- मुखबीर की सूचना पर शनिवार को भीनमाल के रीको एरिया सरहद पर स्थित एक कृषि बेरे पर बने एक कमरे की तलाशी ली गई। उसमें 9 किलो 222 ग्राम अवैध डोडा पोस्त पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते बरामद करने के साथ एक आरोपी सांचौर के बागो?ा पुलिस थाना क्षेत्र के डुंगरवा निवासी हनुमान (39) पुत्र बाबूलाल जाति विश्नोई को गिरफ्तार किया है। मामला दर्ज की आरोपी से पूछताछ जारी है। एएसपी मोटाराम गोदारा, भीनमाल डीएसपी अत्रराजसिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई टीम में भीनमाल थानाधिकारी रामेश्वर भाटी, एएसआई अखाराम, हैड कॉन्स्टेबल बाबूलाल, चेतन कुमार, सांवलाराम मौजूद थे।

*रात में उत्तरी हवा चलने से गिरा पारा*

## 7 दिन में 5.5 डिग्री गिरा तापमान, जालोर में सुबह होने लगा सर्दी का एहसास

जालौर, 21 अक्टूबर। जालोर में पिछले कुछ दिनों से तापमान में ब?ा उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। जिसके प्रभाव से जालोर में पिछले 7 दिन में रात के तापमान में 5.5 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। जिससे गर्मी का असर कम होकर सुबह के समय हल्की सर्दी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली से मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी का असर तेज हो जायेगा। जालोर-सांचौर में बारिश के बाद एक बार फिर गर्मी तेज हो रखी है। वहीं दिन का तापमान 38.5 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। जिससे दिन में जुलाई-अगस्त जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं पिछले पांच से सात दिनों से रात के समय उत्तरी हवा चलने के कारण पिछले सात दिन में रात का तापमान 25 डिग्री से गिरकर 19.5 डिग्री तक दर्ज किया गया है। जिससे रात व सुबह के समय हल्की सर्दी का असर होने लगा है। मौसम विशेषज्ञ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में अभी रात के समय उत्तरी हवाओं का दौर हो चुका है। जिससे अब आगामी दिनों में सर्दी का असर शुरू हो चुका है। वहीं दीपावली से दिन के तापमान में गिरावट के सर्दी में बढ़ोतरी होगी।

## चाकूबाजी में मौत के मामले पर धरना शुरू, कांग्रेस, बीजेपी और आप के नेता धरना स्थल पर पहुंचे, गिरफ्तारी की मांग

बीकानेर, 21 अक्टूबर। बीकानेर के उस्ताबारी इलाके में शनिवार को पिता-पुत्र पर चाकू से हमला करने और हमले में पिता की मौत के मामले में तनाव बढ़ गया है। क्षेत्र के लोग मॉर्च्युरी पर एकत्र हो गए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस के नेताओं सहित समाज के लोग पीड़ित परिवार के समर्थन में आकर मॉर्च्युरी के आगे धरने पर बैठ गए हैं। हत्यारों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा कर गिरफ्तार करने और पीड़ित के परिवार को सहायता देने की मांग पर अड़े हैं। मॉर्चुरी के आगे बैठे नेताओं में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीलाल व्यास, भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्षद शिवकुमार रंगा, आम आदमी पार्टी के पूनम चंद पुरोहित सहित बड़ी तादाद में समाज के प्रतिनिधि, पीड़ित परिवार के पक्षधर मॉर्च्युरी के आगे पहुंचने लगे हैं। आक्रोशित लोगों की मांग है कि हत्या के सभी आरोपियों को सख्त धाराओं में गिरफ्तार करें।

मामले की निष्पक्ष जांच हो और मृतक के परिवार को सहायता दी जाए। मामला बढ़ता देख जहां नयाशहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। वहीं एडिशनल एसपी सौरभ तिवारी और अतिरिक्त कलक्टर की भी आक्रोशित लोगों से बात होने की जानकारी मिली है। बताया जाता पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

## कृषि विभाग में 14 विभिन्न पदनामों पर निकाली वैकेंसी

अजमेर, 21 अक्टूबर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि विभाग में 14 विभिन्न पदनाम के कुल 241 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कल 21 अक्टूबर से शुरू होंगे। कैंडिडेट्स 19 नवंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बतायाकि कृषि विभाग के लिए राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम, 1978 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र के लिए राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, लिपिक वर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 तथा राजस्थान कृषि सेवा नियम, 1960 के अन्तर्गत यह भर्ती निकाली।

### निशुल्क शिविर में हड्डी व यूरिक एसिड संबंधीजांच हुई, स्पीच थैरेपी के 16 रोगी लाभान्वित

नोखा, 21 अक्टूबर। महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र नोखाद्वारा हड्डी गुणवत्ता के लिएबीएमडी, यूरिक एसिड एवं स्पीचथैरेपी का निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर महावीर इंटरनेशनल सेवाकेंद्र भवन में लगाया गया। यूथ केंद्र चेयरमैन विनोद सेठिया ने बतायाकि शिविर का शुभारंभ गवर्निंग काउंसिल मेंबर डॉ. एमपी तिवारी ने भगवान महावीर के चित्र के समक्षदीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक प्रार्थनासे किया। स्पीच थैरेपी के बारे मेंयूसुफ अब्बासी ने बताया कि यहसमस्या सामान्यत~ बच्चों में पाईजाती है तथा अज्ञानतावश समय परइलाज नहीं मिलने के कारणहकलाने, तुतलाने आदि की समस्यारोगी की बड़ी अवस्था में भी बनीरह जाती है फिर भी अभ्यास से इसेकम किया जा सकता है।यूथ केंद्र सचिव दीपक जोशी नेबताया कि इस शिविर में हड्डी वयूरिक एसिड संबंधित 74 व स्पीचथैरेपी के 16 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर में डॉ. राहुल लेखाला मौजूद थे।

# अजमेर में रेजीडेंट डॉक्टर्स ने किया कार्य बहिष्कार

अजमेर,21 अक्टूबर। अजमेर में रेजीडेंट डॉक्टर्स ने रविवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया है। कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में छात्रा से रेप के बाद हत्या के मामले में सुरक्षा के मुद्दे के साथ अपनी 8 सूत्री मांगें रखी थी। लंबी हड़ताल के बाद जवाहर नेहरू चिकित्सालय में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और जूनियर रेजीडेंट ने व्यवस्थाएं संभाली हैं।

सभी कार्मिक की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है। बता दें कि अजमेर जेएलएन में 250 रेजीडेंट हैं। रेजीडेंट ने कहाकि अब जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक रेजीडेंट डॉक्टर्स ने पूर्ण कार्य बहिष्कार किया है। हालांकि इससे मरीजों को परेशानी होगी, जो कि वह भी नहीं चाहते, लेकिन सरकार रेजीडेंट डॉक्टर्स के प्रति असंवेदनशीलता दिखा रही है। इसलिए मरीजों को होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या की पूर्ण रूप से जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की होगी। वहीं अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया- सभी प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, जूनियर रेजीडेंट आदि डॉक्टर्स के साथ मिल कर सेवाएं संभालेंगे।

नर्सिंग स्टाफ को भी चाक-चौबंद कर दिया गया है। वहीं स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें बिना सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए पाबंद कर दिया गया है। वैसे आज रविवार है, दो घंटे का आउटडोर है। फिर भी मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

अजमेर के कचहरी रोड नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से इसके लिए पूर्व में ही नोटिस दिए जा चुके थे।

कार्रवाई के दौरान पुलिस के भारी जाब्ते के साथ नगर निगम के अफसर व टीम मौजूद रही। गांधी भवन से बंगाली गली तक टिन शेड व बरामदे सहित अन्य निर्माण हटाने की यह कार्रवाई की गई।

# प्रिंस स्कूल का बैंड स्टेट लेवल में फर्स्ट

**भोपाल में होने वाले जोनल इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा**

सीकर, 21 अक्टूबर। सीकर के प्रिंस स्कूल का बैंड एक बार फिर से स्टेट लेवल पर फर्स्ट रहा है। शिक्षा विभाग की और से स्टेट लेवल इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन का आयोजन सवाईमाधोपुर के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में किया गया था। जहां सीकर के प्रिंस लोटस वैली एकेडमी का स्कूल बैंड छात्र-छात्रा दोनों वर्गों में स्टेट लेवल पर फर्स्ट स्थान पर रहा है। अब प्रिंस के छात्र-छात्रा वर्ग के स्कूल बैंड भोपाल में आयोजित होने वाली जोनल इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरतलब है कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन 2024 का आयोजन करवाया जा रहा है। राज्य स्तर एवं तत्पश्चात् जोनल स्तर पर प्रथम रहने वाले स्कूल बैंड जनवरी, 2025 माह में दिल्ली में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन में भाग लेंगे। प्रिंस के छात्र-छात्रा स्कूल बैंड तीसरी बार राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे हैं। इस बैंड द्वारा दी गई अनेक प्रस्तुतियों की विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी जमकर प्रशंसा की गई है। स्कूल बैंड के विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा एवं मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

# अवैध बजरी से भरा डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित बाइक जब्त

**चार आरोपी गिरफ्तार, अवैध खनन कर परिवहन करते पुलिस ने की कार्रवाई**

बाड़मेर, 21 अक्टूबर। बालोतरा जिले की पचपदरा पुलिस ने अवैध बजरी माफिया के खिलाफ अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से बजरी से भरा एक डंपर, दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली और एस्कॉर्ट में उपयोग में ली गई बाइक को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

पचपदरा थानाधिकारी अमराराम खोखर ने बताया- बजरी माफिया पर कार्रवाई करने के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर नदी इलाके में दबिश दी गई। हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार मय पुलिस जाब्ता टीम ने अवैध बजरी से भरे एक डंपर को जब्त किया।

उसके ड्राइवर मेघाराम को डिटेन किया गया।

इसी प्रकार दूसरी टीम ने अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया। साथ इन ट्रैक्टरों को एस्कॉर्ट कर रहे एक बाइक को भी जब्त किया है। पुलिस टीम ने दो ट्रैक्टर ड्राइवर व बाइक चालक को डिटेन किया है।

पुलिस ने बतायाकि दो अलग-अलग एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी डंपर ड्राइवर मेघाराम पुत्र चुनाराम निवासी तृतीय फाटक मगजी की ढाणी बालोतरा, एस्कॉर्ट बाइक चालक अनराज पुत्र वगताराम निवासी भाखरी खेड़ा, जसोल, ट्रैक्टर ड्राइवर सवाईराम पुत्र निमनाथ निवासी पचपदरा, महेंद्र कुमार पुत्र छोटाराम निवासी मजल समदड़ी बालोतरा को गिरफ्तार किया है। इनसे अवैध बजरी खनन को लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, दौलाराम, कॉन्स्टेबल हनुमानराम, रेखाराम, धक्काराम, सुरेद्र कुमार और ध्रुव प्रह्लाद शामिल थे।

# तलाक के बाद भी उन्हें भुला नहीं पा रहीं



**क्यो जरूरी है तलाक?**

हर एक रिश्ते में अपने हिस्से की अच्छी और बुरी यादें होती हैं। कभी-कभी बुराइयां इतनी हावी हो जाती हैं कि रिश्ता खत्म होने की कगार पर आ जाता है। इस स्थिति में, संवाद और समझदारी महत्वपूर्ण होते हैं। एक-दूसरे की भावनाओं को समझकर और मिलकर समस्याओं का सामना करके रिश्ते का पुनर्निर्माण किया जा सकता है। जब लोग एक-दूसरे के प्रति ईमानदार और सहानुभूतिपूर्ण होते हैं, तो रिश्ते में सुधार संभव है।

मगर कभी-कभी सुधार की गुंजाइश नहीं होती। एसे में इस रिश्ते को खत्म कर देना ही उचित निर्णय होता है। पर ये कहने सुनने में जितना आसान और सहज लगता है, करने में उतना ही मुश्किल हो सकता है। जब आप अंत तक अपने जीवनसाथी के प्रेम में होते हैं, तब तो यह और भी मुश्किल हो जाता है।

तलाक अपने आप में एक कठिन अनुभव है, यह और भी मुश्किल हो जाता है जब आपको अपने एक्स से अभी भी प्यार हो। पर एक मरे हुए रिश्ते का बोझ अपने कंधो पर लेकर चलना आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

अपने रिश्ते को खत्म करने के बावजूद अगर आपके दिल में उनके लिए भावनाएं हैं, तो इससे उबरना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आइए इस बारे में जानें कि आप कैसे इन भावनाओं से निपट सकती हैं और प्यार होते हुए भी क्यों आपको इस रिश्ते में नहीं रहना चाहिए। इसीलिए आज हेल्थशॉट्स में हम जानेंगे कि कैसे आप एक रिश्ते से निकलकर अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

संकेत जो बताते हैं कि अब इस रिश्ते में कुछ नहीं बचा

इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि आप यह बात समझें कि आपका रिश्ता भावनात्मक रूप से खत्म हो चुका है। उसे अब सुधारा नहीं जा सकता। इसके लिए आपको कुछ संकेत दिखने लगते हैं।

1. जब आप-एक दूसरे की बातों पर चिड़ने लगें

अगर आपके पार्टनर को आपके हर काम से चिढ़ हो रही है और आप भी उनके हर काम पर चिड़चिड़ा जाती हैं। हर बात पर एक दूसरे को ताने दे रहे हैं और बात-बात पर बहस हो रही है तो समझ जाइए कि कुछ गड़बड़ है. हालाँकि हो सकता है कि एक-दो दिन मूड ठीक ना हो, लेकिन अगर ऐसा लगातार हो रहा है तो रिश्ता खत्म करना ही बेहतर है।

**2. अत्मसम्मान को पहुंच रही है ठेस**

आप दोनों अपनी बातों और हरकतों से बार बार एक दूसरे के आत्मसम्मान को आहत कर रहे हैं, तो ये एक बहुत बुरा संकेत है। रिश्ते में एक-दूसरे का सम्मान बहुत जरूरी है. दोनों की अहमियत बराबर होती है, कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। आप किसी ना किसी रूप में एक दूसरे का सहयोग ही कर रहे होते हैं। अगर आपका रिश्ता इस तरह काम नहीं कर रहा तो रिश्ता खत्म करना ही बेहतर है।

**3. आप एक-दूसरे के सामने बनावटी होने लगते हैं**

अगर आप अपने जीवनसाथी से किसी बारे में बात करते वक्त सहज नहीं हैं। या कोई एसी बात है जो आपको उनसे छिपानी पड़ती है। वो भी आपके सामने बनावटी दिख रहे होते हैं। तो आप दोनों एक झूठ को सच मान कर उसे निभा रहे हैं। आप जानते हैं कि आपके बीच चीजें ठीक नहीं हैं लेकिन सब चीजों को जबरदस्ती सही मानकर आप खुश रहने की कोशिश करते हैं तो आपको फिर से सोचना चाहिए। पार्टनर से इस पर बात करें।

4. विश्वास की टूट चुकी है डोर

एक रिश्ते की मजबूती विश्वास पर टिकी होती है। अगर एक दूसरे पर विश्वास खत्म हो जाए तो उस रिश्ते में रहना ठीक नहीं है। विश्वास ही वह नींव है, जो किसी भी रिश्ते को स्थायी बनाती है। जब भरोसा टूटता है, तो रिश्ते में दूरी और गलतफहमियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में, बेहतर होता है कि दोनों पार्टनर्स खुलकर अपनी भावनाओं को साझा करें और एक दूसरे के साथ ईमानदारी से पेश आएं। इस तरह, रिश्ते को फिर से मजबूत करने की कोशिश की जा सकती है। इन कोशिशों के बावजूद अगर बात न बने तो अलग हो जाना ही बेहतर है।

ये संकेत महसूस होने पर अलग हो जाना या तलाक का निर्णय उचित होगा। मगर इसके बाद भी आपका उनसे जुड़ाव हो सकता है या आप उनसे प्रेम कर सकती हैं। इसके बारे में हमने आगे चर्चा की है।

संकेत जो बताते हैं कि आप अभी भी उनसे प्यार करती हैं

तलाक के बाद यदि आप लगातार अपने एक्स के बारे में सोचती रहती हैं, चाहे वह यादें हों या उनके साथ बिताए खास पल।

भले ही आपका रिश्ता खत्म हो गया है, लेकिन आप अब भी उनसे जुड़ा हुआ महसूस करती हैं और आपको ऐसा लगता है कि वह हमेशा आपके जीवन का एक अहम हिस्सा रहेंगे।

अगर आप सोचती हैं कि क्या कुछ ऐसा हो सकता है जिससे चीजें फिर से सुधर जाएं या फिर अक्सर यह विचार आता है कि काश आप कुछ बदल पातीं या सुधार कर पातीं, तो ये एक संकेत हो सकता है कि आप अभी भी उनसे प्यार करती हैं।

आप उम्मीद करती हैं कि एक दिन वह आपके पास वापस आएंगे और आप दोनों के बीच की गलतफहमियां दूर हो जाएंगी।

अगर लोग उनके बारे में नकारात्मक बातें कहते हैं, तो आप उनके बचाव में उतरती हैं। इससे जाहिर है कि आपके मन में उनके लिए अभी भी प्रेम है।

**तलाक के बाद प्यार की भावना से कैसे उबरें?**



नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में कंसलटेंट साइकेट्रिस्ट एंड साइकोथैरेपी डॉ. राहुल राय कक्कड़ इससे उबरने के बारे में बताते हैं। वे कहते हैं कि तलाक के बाद अगर आप अभी भी अपने पूर्व पति से प्यार करती हैं, तो यह एक बेहद चुनौतीपूर्ण और भावनात्मक रूप से कठिन स्थिति हो सकती है।

मगर इस बात को समझना जरूरी है कि तलाक के बाद भी प्यार की भावना बनी रहना एक सामान्य प्रक्रिया है। खुद से यह उम्मीद न करें कि आप तुरंत इस भावना से बाहर निकल जाएंगी। अपने आप को समय दें और इस प्रक्रिया को अपनाएं। तलाक, बिछोह या ब्रेकअप के बाद भी अपने एक्स से प्रेम होना गलत नहीं है, लेकिन आपको यह समझना होगा कि रिश्ता खत्म हो चुका है। वास्तविकता को अपनाना और यह समझना कि आपके लिए अब नया रास्ता चुनना जरूरी है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के लिए आवश्यक है। अक्सर लोग तलाक के बाद खुद की देखभाल करना भूल जाते हैं। ऐसा बिल्कुल भी ना करें और अपने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

योग, मेडिटेशन और अन्य अच्छी आदतों को अपनाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी। अपने जीवन में नए उद्देश्य और लक्ष्यों को खोजें। नए शौक और पसंदीदा चीजों में शामिल होकर आप अपने जीवन को फिर से बेहतर बना सकती हैं। इन सबके बावजूद भी अगर आप लगातार इस दुख में डूबी हुई हैं, तो किसी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से मदद लें। इससे विचारों और भावनाओं को समझने में मदद मिलेगी और आप सही दिशा में आगे बढ़ सकेंगी।

**क्यों जरूरी है इससे आगे बढ़ना**

डॉ. राहुल आगे जोड़ते हैं कि तलाक हो जाने के बाद भी अगर आप उसी रिश्ते में खुद को फंसा महसूस करती हैं, तो यह आपके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो यह आपको आगे बढ़ने से रोकेगा और आप नई शुरुआत नहीं कर पाएंगी। रिश्ते के टूटने के बाद भी अगर आप उनसे प्यार करती हैं तो इसका मतलब है कि आप अपनी भावनाओं में बंध गई हैं।

इससे आपको जीवन के नए अवसरों को अपनाने में मुश्किल होगी। कई बार हम उस इंसान से प्यार करते रहते हैं जो अब असलियत में वैसा नहीं रहा जैसा पहले था।

आप उनसे इसलिए प्यार करती हैं क्योंकि आप उनके पुराने समय को याद करती हैं, लेकिन वह अब बदल चुके हैं। इससे आप वास्तविकता को स्वीकार नहीं कर पातीं। रिश्ते से बाहर निकलने के बाद, आपको अपनी पहचान को फिर से ढूंढने की जरूरत होती है। अगर आप अभी भी उनसे प्यार करती हैं, तो आप खुद को उनके साथ जुड़ी हुई पहचान के साथ सीमित कर लेती हैं। यह आपको अपनी नई पहचान और जीवन के अन्य उद्देश्यों की खोज करने से रोक सकता है। ऐसे में अगर आप केवल अपने अतीत के रिश्ते के बारे में सोचती रहेंगी, तो आप अपने भविष्य के नए सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगी। नए रिश्ते, नए अवसर और खुद के लिए नई उम्मीदें तभी पनप सकती हैं जब आप अतीत को पीछे छोड़ने का साहस करेंगी।

**याद रखें-**

तलाक के बाद दुख से गुजरना स्वाभाविक है। यह एक ऐसा समय है जब आपकी पुरानी जिंदगी खत्म हो रही होती है और आप नई शुरुआत की ओर बढ़ रही होती हैं। इस बात को समझना कि यह एक सामान्य प्रक्रिया है, आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। जब आपका एक सपना टूट जाता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपकी जिंदगी रुक गई है। नए सपनों को देखना और नए अवसरों को खोजना आपके ही हाथ में है। यह आपकी खुशी और आपके आत्म-सम्मान के लिए जरूरी है।

# हार्मोनल एक्ने में नजर आते हैं ये कॉमन संकेत, जानिए कैसे करना है इनका उपचार



कभी पीरियड तो कभी प्रेगनेंसी समेत शरीर में समय समय पर होने वाले हार्मोनल बदलाव के चलते हार्मोनल एक्ने का सामना करना पड़ता है। मगर सबसे पहले इस बात की जानकारी एकत्रित करना आवश्यक है कि हार्मोनल एक्ने किसे कहा जाता है और ये स्किन पर कैसे उत्पन्न होने हैं।

स्किन संबंधी समस्याओं में शुमार एक्ने का सामना लगभग सभी लोगों को करना पड़ता है।

ये समस्या टीनएज से लेकर मेनोपॉज तक महिलाओं में बनी रहती है। शरीर में समय समय पर होने वाले हार्मोनल बदलाव इस समस्या का कारण साबित होते हैं, जिसके चलते इन्हें हार्मोनल एक्ने कहा जाता है। मगर सबसे पहले इस बात की जानकारी एकत्रित करना आवश्यक है कि हार्मोनल एक्ने क्या है और इस समस्या को ट्रीट करने के लिए किन टिप्स की लें मदद।

**हार्मोनल एक्ने किसे कहते हैं**

इस बारे में ब्यूटी एक्सपर्ट रेखा कुमारी बताती हैं कि शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन में निरंतर आने वाले बदलाव के चलते हार्मोन एक्ने का सामना करना पड़ता है।

प्रेगनेंसी और पीसीओडी के समय हार्मोन में बढ़ने वाला असंतुलन इस समस्या का कारण साबित होता है। सिस्ट और नोड्यूल स्किन की लेयर्स में बढ़ते हैं। शरीर में एंड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ जाने से सीबम का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जिससे पोर्स में बैक्टीरिया और ऑयल एकत्रित हो जाता है। पोर्स लॉक होकर मुहांसों का रूप ले लेते हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार किशोरावस्था में 95 फीसदी लोगों को हार्मोनल एक्ने का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा मासिक धर्म, मेनोपॉज़, पॉलीसिस्टिक ओवरीज़ सिंड्रोम और तनाव के कारण भी हार्मोनल एक्ने बढ़ने लगते हैं। ये एक्ने नाक, चिन, चीक्स, फोरहेड और पीठ पर बनने लगते है। ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स के अलावा सिस्ट, पस्ट्यूल, पपल्स और नोड्यूल्स हार्मोनल एक्ने के ही रूप हैं।

स्किन इनफ्लेमेशन के कारण पोर्स में डस्ट और ऑयल एकत्रित हो जाता है, जिससे फॉलिकल वॉल ब्रेक हो जाती है।

**यहां हैं हॉर्मोनल एक्ने के संकेत**

हॉर्मोनल एक्ने में लालिमा बढ़ना और उसके आसपास की त्वचा में इरिटेशन का बढ़ना

हार्मोनल एक्ने टी ज़ोन पर बनने लगते है यानि माथे, नाक और चिन पर उभर आते हैं।

इनमें दर्द महसूस होता है और मवाद भर जाती है, जिसे खरोंचने से दाग धब्बों की समस्या बढ़ जाती है।

ये चेहरे के अलावा पीठ, छाती और गर्दन पर भी नजर आने लगते हैं।

20 वर्ष से कम उम्र के लोगों को अक्सर जॉ लाइन, चिन और गालों के बीचों बीच हॉर्मोनल एक्ने का सामना करना पड़ता है।

**इन टिप्स की मदद से त्वचा का रखें ख्याल**

**1. खानपान का रखें ख्याल**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स और डेयरी प्रोडक्टस का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन और एंड्रोजन हार्मोन पर उसका असर दिखने लगता है। इससे त्वचा पर एक्ने की समस्या बनी रहती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में शुगर, डेयरी प्रोडक्टस और रिफाइंड कार्ब्स को सीमित मात्रा में लें। साथ ही त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आहार में विटामिन और मिनरल के अलावा ओमेगा-3 फैटी एसिड को एड करें।

**2. चेहरे को दिन में दो बार धोएं**

त्वचा पर मौजूद अतिरिक्त ऑयल से राहत पाने के लिए क्रीमी प्रोडक्टस से बचें और सोने से पहले मेकअप को अवश्य क्लीन कर लें। चेहरे को धोने के लिए नॉनकॉमेडोजेनिक क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा पर बढ़ने वाली ओपन पोर्स की समस्या हल होने लगती है और त्वचा की नमी बरकरार रहती है।

**3. सनस्क्रीन लगाएं**

सनस्क्रीन को अप्लाई करने से मुहासों के बाद बढ़ने वाली दाग धब्बों की समस्या हल हो जाती है। सनस्क्रीन की मदद से पोस्ट इन्फ्लेमेटरी हाइपरपिग्मेंटेशन को रोकने के अलावा स्किन टिशूज की मरम्मत में मदद मिलती है। त्वचा पर नॉन.कॉमेडोजेनिक सनस्क्रीन को अप्लाई करके समस्या हल होने लगती है। इसके अलावा मेकअप प्रोडक्टस को स्किन के अनुसार ही चुनें।

**4. एक्ने छीलने से बचें**

ऑयल फ्री स्किन प्रोडक्टस के इस्तेमाल के अलावा त्वचा को छीलने और एक्सफोलिएट करने से बचें। इससे त्वचा पर दाग धब्बों का सामना करना पड़ता है और दर्द का सामना करना पड़ता है। साथ ही एक्ने की समस्या भी बढ़ने लगती है। एक्ने पर हाथ न लगाएं और डॉक्टर से अवश्य जांच करवाएं।

**5. भरपूर नींद लें**

शरीर में हार्मोन इंबैलेंस असर नींद पर खिने लगता है।

इससे नींद बाधित होने लगती है, जिससे शरीर में कार्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है। ऐसे में एक्ने के अलावा फेशियल हेयर का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्ट्रेस को मैनेज करने के लिए सोएं।

# जानिए क्यों गर्भावस्था के दौरान बढ़ रहे हैं ब्रेस्ट कैंसर के मामले



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ब्रेस्ट कैंसर की गिनती दूसरे प्रमुख कैंसर के रूप में की जाती है। डब्ल्यू एच ओ के मुताबिक हर साल स्तन कैंसर के 2.3 मिलियन से ज़्यादा मामले सामने आते हैं। इसके अलावा 95 फीसदी देशों में स्तन कैंसर महिला कैंसर से होने वाली मौतों का पहला या दूसरा प्रमुख कारण बनकर उभर रहा है। हालिया आंकड़े प्रेगनेंसी के दौरान ब्रेस्ट कैंसर के जोखिमों में बढ़ोतरी देख रहे हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के परिवर्तन होते है। मगर इनमें से ज्यादातर प्रेगनेंसी का समय पूरा होते और प्रसव के बाद अपने आप ठीक होने लगते हैं। प्रेगनेंट महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। आइए जानते हैं क्या हैं इसके कारण और इस जोखिम से कैसे बचा जा सकता है ।

**क्या हैं गर्भावस्था में स्तन कैंसर के मामले**

नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुसार गर्भावस्था के दौरान स्तन कैंसर के मामले अब पहले से ज्यादा देखे जा रहे हैं। लगभग हर 3,000 गर्भवती महिलाओं में से 1 महिला ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो रही है। यह गर्भवती और पोस्टपार्टम महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है। इसके अलावा वे महिलाएं, जो 30 की उम्र के बाद गर्भवती होती हैं, उनमें ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क अन्य महिलाओं की अपेक्षा में बढ़ जाता है।

रिसर्च के अनुसार अधिकतर मामले 32 से 38 साल की उम्र की महिलाओं में पाए जाते हैं। दरअसल, बहुत सी महिलाएं प्रेगनेंसी में देरी कर देती हैं। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान स्तन कैंसर को जोखिम बढ़ जाता है।

**क्यों बढ़ रहा है गर्भावस्था में स्तन कैंसर का जोखिम**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार गर्भावस्था से जुड़े स्तन कैंसर की जानकारी गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के पहले वर्ष में मिलती है। स्तन कैंसर विकसित होने का जोखिम महिला की उम्र के साथ बढ़ता है। गर्भवती होने से स्तन कैंसर नहीं होता है, बल्कि शरीर में पहले से मौजूद स्तन कैंसर कोशिकाएं हार्मोन में आने वाले बदलाव के कारण तेज़ी से परिवर्तित होकर बढ़ने लगती हैं। ऑनकोलॉजिस्ट डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा बताते हैं कि ब्रेस्ट कैंसर की पीक एज 45 वर्ष है। कम उम्र की महिलाएं तेज़ी से ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में आ रही है। बदल रहा लाइफस्टाइल इस समस्या का मुख्य कारण है। शारीरिक व्यायाम की कमी और गलत खानपान के चलते महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन का स्तर बढ़ रहा है, जो कैंसर का जोखिम कारक है। इसके अलावा अनुवांशिकता इस समस्या को बढ़ा रही है। दरअसल, बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 ऐसी जीन है, जो डीएनए को रिपेयर करती है , जिससे प्रोटीन का उत्पादन बढ़ने लगता हैं। इसमें म्युटेशन से जीन डीएनए को रिपेयर करने की क्षमता खोने लगता है, जिससे जेनेटिक ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम बढ़ता है और महिलाओं में कम उम्र में ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को बढ़ा रहा है। वे लोग जो समय पर ब्रेस्ट चेकअप और स्क्रीनिंग को अपनाते हैं, उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम होने लगता है। अर्ली स्टेज पर ब्रेस्ट कैंसर की जानकरी मिलने से 40 से 50 फीसदी तक इस रोग से बचा जा सकता है। साथ ही हार्मोन पॉजिटिव होने के चलते कीमोथेरेपी की भी आवश्यकता नहीं होती है।

**क्या हो सकते हैं गर्भावस्था में ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण**

ब्रेस्ट में गांठ महसूस होती है और वो उभरी हुई नज़र आने लगती है। गांठ में दर्द रहने से ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

स्तन के साइज़ में बदलाव महसूस होने लगता है। निप्पल के रंग से लेकर बनावट तक सब कुछ बदला हुआ दिखता है। इसके अलावा ब्रेस्ट के निप्पल पर डिंपल दिखने लगता है। दर्द का अनुभव होने लगता है। ब्रेस्ट में दर्द होने से समस्या बढ़ने लगती है। दर्द सामान्य से तेज़ होने लगता है।

असामान्य डिस्चार्ज का सामना करना पड़ता है। ब्रेस्ट से होने वाला डिस्चार्ज दूध से अलग दिखता है और सूजन महसूस होती है।

निप्पल पर रूखापन बढ़ने लगता है और अंडरआर्म में सूजन बढ़ने लगती है।

क्या प्रेगनेंसी के दौरान ब्रेस्ट कैंसर का इलाज शुरू किया जा सकता है?

इस बारे में गायनोकोलॉजिस्ट डॉ शिवानी कपूर बताती हैं कि प्रेगनेंसी में ब्रेस्ट कैंसर के कई मामले सामने आते हैं। अगर सात सप्ताह की प्रेगनेंसी के दौरान कैंसर डिटेक्ट होता है, तो उसमें प्रेगनेंसी टर्मिनेट करने की सलाह दी जाती है। मगर कुछ मामलों में अगर कैंसर 30 सप्ताह के दौरान डिटेक्ट होता है, तो बच्चे के जन्म के बाद कीमोथेरेपी करने का स्टेप लिया जाता है।

वहीं कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिसमें प्रेगनेंसी के दौरान कैंसर को एग्रेसिव होने से बचाने के लिए मेडिकेशन शुरू कर दी जाती है। मगर कीमोथेरेपी और सर्जरी बाद में की जाती है।

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार गर्भावस्था की पहली तिमाही में महिलाओं को कीमोथेरेपी नहीं दी जाती है। दरअसल, इस दौरान बच्चे के आंतरिक अंग विकसित होने लगते हैं। रिसर्च के मुताबिक दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान कुछ कीमो दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर गर्भावस्था के अंतिम तीन सप्ताह में कैंसर की दवाओं को देने से परहेज किया जाता है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में महिलाओं को कीमोथेरेपी नहीं दी जाती है।

प्रेगनेंसी में स्तन कैंसर का संदेह हो तो आपको करवाने चाहिए ये टेस्ट

1. क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्ज़ामिनेशन

हेल्थ प्रोफेशनल्स की मदद से ब्रेस्ट के उपर और अंडर आर्म के पास बनने वाली महीन गांठों की जांच की जाती है। गांठ का बढ़ना और ब्रेस्ट में नज़र आने वाला बदलाव ब्रेसट कैंसर की ओर इशारा करता है।

2. अल्ट्रासाउंड

नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुसार अल्ट्रासाउंड एक सुरक्षित प्रक्रिया है। इसकी मदद से ब्रेस्ट टिशूज की इमेज तैयार की जाती है, जिसे सोनोग्राम कहा जाता है।

3. बायोप्सी

सेल्स या टिशूज़ के बारे में जानकारी पाने के लिए ब्रेस्ट को माइक्रोस्कोप के नीचे देखा जाता है, जिससे कैंसर के लक्षणों की जांच की जा सके। यदि स्तन में गांठ पाई जाती हैए तो बायोप्सी की जा सकती है।



## सार समाचार

### अरस्तु का शैक्षिक सम्मेलन 25-26 अक्टूबर को

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) जिला शाखा अलवर की मीटिंग श्री चन्द्रप्रभु वाटिका सभागार, करोली कुण्ड रोड अलवर में अरस्तु के प्रदेश महामंत्री लालाराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अरस्तु जिला शाखा अलवर के जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी ने बताया कि मीटिंग में 25 व 26 अक्टूबर 2024 को प्रात: 11 बजे श्री चद्रप्रभु वाटिका सभागार, करोली कुंड रोड, अलवर में शैक्षिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही शैक्षिक सम्मेलन में पुरानी पैंशन योजना/यू.पी.एस. पेंशन योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षकों के दायित्व जैसे ज्वलन्त मुद्दों पर विचार-विमर्श किये जाने का निर्णय लिया।

मीटिंग में अरस्तु के संरक्षक रामस्वरूप सैनी, प्रदेश महामंत्री लालाराम सैनी, संयोजक प्रेम कोलावत, जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, जिला मंत्री बच्चू सिंह, सह संयोजक हरियोम यादव, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह सहित अरस्तु जिला शाखा के सदस्य शामिल रहे।

### रणबीर गंगवा के कैबिनेट मंत्री बनने पर बांटी मिठाई




**नीमराना, 21 अक्टूबर ( निसं )।** हरियाणा सरकार में रणबीर गंगवा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर रविवार को प्रजापति समाज के लोगों ने लड्डू बांटकर हर्ष जताया तथा एक दूसरे को बधाई दी। जानकारी अनुसार रणबीर गंगवा बरवाला विधानसभा से तीसरी बार विधायक चुने गए हैं।

इससे पहले वे हरियाणा विधानसभा मे डिप्टी स्पीकर रह चुके हैं। इस अवसर पर प्रजापति विकास समिति के कार्यकर्ता होशियार प्रजापति, जगमाल प्रजापति, सतबीर प्रजापति ट्रांसपोर्टर, कृष्ण कुमार प्रजापति, प्रीतम प्रजापति, भूपसिंह प्रजापति, डॉ श्रवण प्रजापति, गुलाब प्रजापति, हवासिंह प्रजापति, जगराम प्रजापति मऊ वाले, केशवदेव नाहड़िया, युवा नेता लोकेश प्रजापति और समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर पर निबंध प्रतियोगिता



**बहरोड़, 21 अक्टूबर ( निसं )।** नारायणी देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम, द्वितीय व तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. नीलम यादव की अध्यक्षता में अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व व कृतित्व विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए अहिल्याबाई के कुशल प्रशासन, सफल समाज सुधारक व महिला शिक्षा की दिशा में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालकर देश व समाज हित में किए गए कार्यों को याद किया तथा सभी छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज व्यवस्थापक डॉ. ओम प्रकाश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और भावात्मक एकीकरण में अहिल्याबाई का योगदान अविस्मरणीय है, जिनको हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, सेवा, त्याग, न्याय, कला, दर्शन, कृषि कुटीर उद्योग, सामाजिक सुधार जैसे विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पृथ्वीराज यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 138 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योति यादव, द्वितीय स्थान पर अलका, तृतीय स्थान पर मोनू कुमारी रही। कार्यक्रम में कॉलेज प्रवक्ता अमरचंद शर्मा, जगबीर यादव, जितेंद्र यादव, रामरतन सूद, विजेंद्र सैनी, मीनाक्षी यादव, पूजा यादव सहित समस्त स्टाफ व स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही। अंत में कार्यक्रम प्रभारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता 27 को

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** अलवर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा (ए. जी. एम.) की बैठक दिनेश भार्गव की अध्यक्षता में स्कीम नंबर 10 जैन मंदिर के पास संपन्न हुई।

सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि एलाइट महिला एवं पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर 2024 को इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा प्रतियोगिता में चयनित मुक्केबाज 8 से 10 नवंबर 2024 से कोटा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सभा में साधना शर्मा, संजय शुक्ला, राकेश शर्मा, महावीर राजोरिया, मनीष सैनी, और अजीत यादव जी ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अपने-अपने विचार रखें।

### क्षत्रिय कार्मिक संगठन का सम्मान समारोह 27 को

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** क्षत्रिय कार्मिक संगठन की ओर से 27 अक्टूबर को सेवानिवृत होने वाले समाज के अधिकारी-कर्मचारी, नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी तथा पत्रकार बंधुओं का सम्मान समारोह कटी घाटी स्थित बिलख रिसोर्ट में किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए रविवार 20 अक्टूबर को क्षत्रिय कार्मिक संगठन के कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि 27 तारीख को होने वाले कार्यक्रम को तैयारी के विषय में चर्चा करते हुए बिंदुवार तथा तैयारी को अंतिम रूप देते हुए एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता भूप सिंह नरूका ने की।

उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को क्षत्रिय कर्मचारी संगठन वार्षिक कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा जहां संगठन की आम सभा का आयोजन भी होगा तथा दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

बैठक में सचिव भूप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष युवराज सिंह तंवर, कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र सिंह जादौन, संजय सिंह नरूका, बख्तावर सिंह, एवं समाज की प्रख्यात भूपेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

### महिला महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी



**बहरोड़, 21 अक्टूबर ( निसं )।** बाबा खेतानाथ पीजी महिला महाविद्यालय नव आगंतुक छात्राओं की फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक डॉ. करण सिंह यादव व प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की।

मिस प्रेशर चंचल बीएससी प्रथम वर्ष, मिस कॉन्फिडेंस शिवानी बीए प्रथम वर्ष, मिस टेलेन्टिड पायल बीए प्रथम वर्ष चुनी गई। निर्णायक की भूमिका डॉ. पुनम देवी, गरिमा यादव, नीलम यादव ने निभाई। मंच संचालन डॉ. सरिता यादव ने किया।

इस अवसर पर स्टाफ सचिव रीना यादव, डॉ. कस्तुरी यादव, डॉ. सुमन यादव, बीएसटीसी प्राचार्य डॉ. सुमन यादव, डॉ. रेखा यादव, एडवोकेट जे पी यादव, मनोज कुमार, डॉ. जयपाल यादव, राकेश कुमार, राजपाल यादव एवं स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।

### पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम

**बहरोड़, 21 अक्टूबर ( निसं )।** पुलिस लाईन कोटपूतली में कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस द्वारा सोमवार 21 अक्टूबर को प्रात: 08 बजे पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन होगा। जिसमें जिला एसपी राजन दुष्यंत के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सकट चौथ माता मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब

**सकट, 21 अक्टूबर ( निसं )।** कस्बे के प्राचीन चौथ माता मंदिर में रविवार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ व्रत रख कर चौथ माता के मंदिर में पहुंचकर माता की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर मत्था टेक माता रानी से अखंड सौभाग्य व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। करवा चौथ व्रत पर महिलाएं समूह बनाकर नए-नए परिधान पहनकर भजन गाती हुई मंदिर पहुंची। चौथ माता के मंदिर में करवा चौथ पर महिलाओं की अपार भीड़ उमड़ी।

करवा चौथ पर्व पर सकट कस्बे का समूचा वातावरण चौथ माता के जयकारों से धर्ममयी हो गया। इस मौके पर मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गो पर सजी प्रसाद सिंगार खानपान व घरेलू सामान की दुकानों और श्रद्धा की उमड़ी भीड़ से दिन भर मेले जैसा माहौल बना रहा। मंदिर के महंत शरद पाराशर ने बताया कि सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखकर व मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना कर मंदिर के आसपास जहां जगह मिली वहीं समूहों में बैठकर माता की कहानी सुनी और इसके बाद सूर्य देव को जल चढ़ाया व बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद लेकर चौथ माता से अखंड सौभाग्य सुख समृद्धि की कामना की मनौती मांगी। साथ






ही खांड से बने करवे अपने से बड़ी महिलाओं को भेंट कर आशीर्वाद लिया।

**चांद के दीदार कर खोला करवा चौथ व्रत :** करवा चौथ व्रत पर देर रात निकले चांद का महिलाओं ने पहले दीदार किया और उसके बाद चंद्रमा को जल का अर्घ्य देकर अपने पति के पैर छूकर आशीर्वाद लेकर अपना व्रत पूरा किया।

करवा चौथ पर घर-घर में तरह-तरह के पकवान बनाए गए तथा चौथ माता को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया गया। कस्बे में चौथ माता मंदिर में करवा चौथ व्रत पर कई महिलाओं ने माता रानी को बैंड बाजों के साथ पोशाक व श्रृंगार की सामग्री चढ़ाई। वही कई महिलाओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर व्रत का उद्यापन किया। यहां माता के दर्शनों के लिए आस पास के गांवों के अलावा दिल्ली, जयपुर, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, अलवर, दौसा, राजगढ़, बांदीकुई, बसवा सहित अन्य स्थानों से श्रद्धालु पहुंचे।

स्वयंसेवकों ने लगाई प्याऊ करवा चौथ व्रत पर दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए स्वयंसेवकों ने पानी की प्याऊ लगाईकर श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पिलाया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सैनी समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

**बानसूर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** बानसूर में सैनी समाज के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय समाज के छात्र छात्राओं का 13वां प्रतिभा सम्मान समारोह सैनी महासभा समिति भवन दयाला वाली बगीची में आयोजित किया गया। जिसमें समाज की 200 से ज़्यादा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समिति अध्यक्ष सुरेश चंद सैनी ने बताया कि सैनी महासभा समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 10 और 12 में अधिक अंक हासिल करने वाले और सरकारी नौकरी में चयन होने वाली प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि कक्षा 10 और 12 में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को वाशिंग मशीन ओर मिक्सर मशीन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में पधारे सभी अतिथियों का सैनी महासभा समिति की ओर से साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि रामसिंह सैनी ने प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर समाज की ऊंचाइयों तक लेकर जाना है तो पढ़ाई पर जोर देना है। शिक्षा से ही समाज में जागृति आएगी। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी सामाजिक बुराइयों को दूर कर अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे और बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाए। जिससे आगे चलकर अपने समाज और देश का नाम रोशन कर सके।

इस दौरान राष्ट्रिय अध्यक्ष फूले ब्रिगेड रामसिंह सैनी, बलराम सैनी पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष हरसौरा, संरक्षक ताराचन्द सैनी, कोषाध्यक्ष निरंजनलाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष धर्मचन्द सैनी, उपाध्यक्ष जीतराम सैनी, सयोजक रामचंद्र सैनी, प्रवक्ता महेश कटारिया सहित सैनी समाज के सदस्य मौजूद रहे।

### स्वर्ण पदक जीता

**कोटकासिम, 21 अक्टूबर ( निसं )।** गत दिनों आयोजित 6 8 वीं जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें खैरथल-तिजारा छात्र वर्ग 19 वर्षीय गोला फेंक प्रतियोगिता में



क्षेत्र के गांव बघाना निवासी कपिल पुत्र बलराम कक्षा 11 आर्ट्स ने 9.45 मीटर दूर गोला फेंककर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

छात्र की इस कामयाबी से अभिभावको एवं विद्यालय स्टाफ में खुशि की लहर है। छात्र ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने परिजनो व गुरूजनो को दिया है।

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा उपवास

**कोटकासिम, 21 अक्टूबर ( निसं )।** सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व करवा चौथ रविवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी सजाई और पूरे दिन उपवास रखकर पति की दीर्घायु सहित परिवार में खुशहाली की कामना की।

करवा चौथ पर बाजारों में भारी भीड़-भाड़ रही। चूडियां व श्रृंगार सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की जबरदस्त भीड़ रही।

पर्व के तहत रविवार को दोपहर को परिवार कि महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ माता की कहानी सुनी तथा सूर्य देव को जल अर्पण किया। साथ ही बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। कई सुहागिनों के पतियों और अविवाहित युवतियों ने भी यह उपवास रखा। बाजारों में



आज भी करवे की खूब बिक्री हुई। करवा चौथ होने के कारण पतियों ने अपनी पत्नियों को इस पर्व पर उपहार भेंट किये।

**चन्द्रमा को अर्घ्य देकर खोला उपवास :** दिनभर उपवास रखने के बाद शाम ढलते ही चांद निकलने का इंतजार शुरू हो गया। रात्री करीब 9 बजे चांद निकला तो सुहागिन महिलाएं चन्द्रमा को अर्घ्य देने के लिए अपने मकानों की छतों अथवा जहा से चांद आसानी से दिखाई दे सके वहां चल पड़ी और सजाई हुई थाल से चन्द्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति की दिर्घायु व परिवार कि सुख-समृद्धी की कामना की।

### बाजारों में भारी भीड़

**मालाखेड़ा, 21 अक्टूबर (निसं)।** कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी को करवा चौथ के पर्व पर मालाखेड़ा का चूड़ी मार्केट में दुकानों पर श्रृंगार की सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। वहीं चीनी के करवे खरीदने के लिए भी बड़ी संख्या में हलवाई की दुकान पर सुबह से ही ग्राहकों का तांता लगा रहा। इस बार गत वर्ष के मुकाबले जमाना अच्छा रहने से सभी वर्ग के लोग इस पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में बाजार में खरीदारी करने के लिए पहुंचे।

दुकानदारों के चेहरे पर खुशी उमंग उल्लास दिखाई दिया। दुकानदारों का कहना था कि उनकी दुकान पर श्रृंगार का सामान खूब बिक रहा है। गत वर्ष के मुकाबले इस बार अच्छी दुकानदारी हुई है।

### गहनकर के तीन अभ्यर्थियों का यूजीसी नेट में चयन

**कोटकासिम, 21 अक्टूबर ( नसं )।** क्षेत्र के निकटवर्ती गहनकर गांव में तीन अभ्यर्थियों का यूजीसी नेट में चयन हुआ है। शेखर चावड़ा राजस्थान पुलिस ने बताया कि रामसुमन गुर्जर इतिहास के व्याख्याता के पद पर संथालका भिवाड़ी में व महावीर प्रसाद गुर्जर हिंदी के व्याख्याता पद पर लंगडवास स्कूल पद पर कार्यरत है। वहीं बनेसिंह गुर्जर कंपटीशन की तैयारी कर रहे हैं।

चावड़ा ने बताया रामसुमन गुर्जर व महावीर प्रसाद दोनों ने अलवर जिले में ही राजस्थान पुलिस में कई वर्षों तक सेवाएं दी है। उसके बाद लगातार तैयारी करते रहे, मेहनत और लगन के साथ नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। चावड़ा ने बताया गांव में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठता जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले गांव में एक नि:शुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ किया था। जिसमें बच्चे नि:शुल्क अच्छी शिक्षा ले रहे हैं।

# शांति मार्केट में चतुर्थ दीपोत्सव संपन्न

**बहरोड़, 21 अक्टूबर ( निसं )।** कस्बे के शांति मार्केट में चतुर्थ दीपोत्सव सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम संयोजक व नगर परिषद् वार्ड नंबर 30 पार्षद ओम यादव ने बताया कि समस्त वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड के नन्हे-मुन्ने भैया बहनों को भारतीय त्योहारों पर अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचय कराने की दृष्टि से चौथा दीपोत्सव सांस्कृतिक उत्सव हुआ। जिसमें वार्ड के नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने राजस्थानी लोकगीत, भारतीय संगीत पर एकल सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति पेश की एवं सभी ने सामूहिक रूप से गरबा नृत्य और डांडिया कार्यक्रम किया। प्रतिभागी बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप इनाम भेंट की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि से वीरेंद्र कुमार यादव डायरेक्टर होटल हाईवे एक्सप्रेस रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि जर्नलिस्ट सुनिल जालिन्द्रा रहे।




सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेते सभी प्रतिभागियों को होटल हाईवे एक्सप्रेस की तरफ से शानदार डिस्काउंट आंफर व शिकागो बर्गर की तरफ से फ्री बर्गर का कूपन उपहार स्वरूप दिये गये। मंच संचालन डॉ. रविंद्र कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रिंसिपल दिनेश मेहरा, महेश पारिक, सुरेंद्र महावर, निर्मल मित्तल, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, एडवोकेट ईश्वर यादव, महेश राव, बलबीर सैनी, पूरन सिंह यादव, विनोद पहलवान उदनवास, राहुल पहलवान उदनवास, वीरेंद्र प्रजापति शिवा हार्डवेयर, राजेश मेहता, कृष्ण कुमार बाबूलाल इलेक्ट्रिकल्स, अलवर रोड व्यापार मंडल के सचिव महेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह उर्फ बबलू एवं नरेश चौधरी, नीतू गोयल, प्रियंका देवी, मनीषा देवी, चन्द्रो देवी, ईशा, मनीषा, गुंजन यादव, खुशी, प्रीति, जोया, सानू, मानसी, कोमल, आरूषी, शिवानी, साक्षी, रिया सहित वार्डवासियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# प्रदेश में ड्रग्स के खिलाफ बड़ा अभियान चले : जूली

**जयपुर, 21 अक्टूबर ( नसं )।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य सरकार का ध्यानाकर्षण दिल्ली और गुजरात में दो हफ्तों में तेरह हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद किये जाने की ओर किया है।

इससे पहले मध्य प्रदेश में भी करीब दो हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गयी थी। तब मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ने इसकी जड़ें राजस्थान में होना बताया था। जूली ने कहा कि तब भी उन्होंने राज्य सरकार को चेताया था और अब दिल्ली और गुजरात से आ रहे समाचार बहुत चिंताजनक हैं।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा है कि गुजरात के अहमदाबाद में ड्रग्स की पहुंच स्कूली बच्चों तक पायी गयी है जो बहुत गंभीर विषय है। जूली ने कहा कि दिल्ली और गुजरात दोनों के रास्ते राजस्थान से जुड़े हुए हैं। इसलिए राज्य सरकार को इस संबंध में बहुत सतर्क रहने की जरूरत है कि कहीं ड्रग्स तस्कर राजस्थान में तो अपने गहरे ठिकाने नहीं बना रहे हैं क्योंकि राजस्थान में ड्रग्स पैडलर का जाल फैलने के पुख्ता संकेत निरंतर मिल रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि कुछ माह पहले राजस्थान में एक छात्र के पास इंटरनेशनल ड्रग्स 'एलएसडी' बरामद हुई थी। तब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ( एनसीबी) के राजस्थान से जुड़े हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया था कि राजस्थान में ड्रग्स रैकेट जड़ें जमा चुका है और ड्रग पैडलर बड़े पैमाने पर विभिन्न शहरों में सक्रिय हैं।

एनसीबी ने पिछले महिनों में प्रदेश में दक्षिण - पश्चिम राजस्थान के कुछ जिलों से ढ़ाई सौ करोड़ रुपये की नशीली खेप भी जब्त की थी।

जूली ने कहा कि ड्रग्स तस्करों के निशाने पर युवा और किशोर पीढ़ी रहती है और ये बहुत शातिर तरीके से अपना जाल बिछा लेते हैं। इसलिए राजस्थान को ड्रग्स की चपेट से बचाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे समाज की भावी पीढ़ी के हित में यह मुद्दा उठा रहे हैं क्योंकि अहमदाबाद में स्कूली छात्रों के यूरिन टेस्ट में कोकिन की मात्रा पाये जाने की खबर से पूरा समाज चिंतित है।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि ड्रग्स युवा एवं किशोर पीढ़ी को डिप्रेशन, पर्सनिलिटी डिसऑर्डर और गुस्से की ओर धकेल रही है। पिछले दो हफ्तों में दिल्ली और गुजरात में पकड़ी गयी बड़ी खेप के बाद राजस्थान में इस विषय में एक सघन जांच अभियान की आवश्यकता है।

जूली ने कहा कि सरकार ड्रग्स से युवा एवं किशोर पीढ़ी को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाये। इस कार्य में स्वैच्छिक संगठनों का भी प्रदेश स्तर पर सहयोग ले।

## सार समाचार

### किशनगढ़बास के राजस्थान शिक्षक संघ चुनाव संपन्न

**खैरथल, 21 अक्टूबर ( निसं )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की उपशाखा किशनगढ़बास की नई ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव धवन रिसोर्ट, चिकानी में चुनाव पर्यवेक्षक चरणसिंह यादव और जिला संरक्षक नरेन्द्र सिंह की देखरेख में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में देवीदत्त अटल को अध्यक्ष और नरेश मेहरा को मंत्री चुना गया।

निर्वाचन अधिकारी मनोज यादव और सह-निर्वाचन अधिकारी मिश्री लाल सैनी ने बताया कि 20 अक्टूबर 2024 को हुए इस चुनाव में कई महत्वपूर्ण पदों पर सदस्यों का निर्विरोध चुनाव हुआ।

चुनाव में अध्यक्ष-देवीदत्त अटल, मंत्री-नरेश मेहरा, कोषाध्यक्ष-सुदेश यादव, सभाध्यक्ष-पुष्पेन्द्र सिंह, संरक्षक-ओमप्रकाश धवन, उपसभाध्यक्ष-प्रमोद सिंह, महिला मंत्री-सविता धिलोठिया, कार्यकारी अध्यक्ष-गोविन्द राम भारद्वाज, उपाध्यक्ष (प्रोफेसर)-रामवीर, उपाध्यक्ष (एम.एससी. 1)-सुरेश चौधरी, उपाध्यक्ष (महिला)-ज्योति कुमारी, आडिटर-नवीन जैन, प्रवक्ता-सुनील यादव, संगठन मंत्री-पंकज निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर रघुवीर प्रसाद मीना (जिला मंत्री), हरिसिंह जाटव, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। प्रदेश महासमिति के लिए मिश्री लाल सैनी और देवीदत्त अटल प्रमुख सदस्यों के रूप में चुने गए।

### राजेंद्र तिवारी बने शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष



**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** राउमावि रेलवे स्टेशन अलवर में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नवरंग सहाय भारतीय एवं जयपुर से आये पर्यवेक्षक चंद्र प्रकाश शर्मा की देखरेख में संगठन के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए।

नवरंग सहाय भारतीय ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अलवर शाखा के निर्विरोध चुनाव में सभाध्यक्ष- कैलाश कूलवाल, उपसभाध्यक्ष- रोहिताश्व गुप्ता व अनुराग गौड़, अध्यक्ष- राजेंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष -प्रदीप मीणा, उपाध्यक्ष (पुरुष) -अमर सिंह शर्मा, उपाध्यक्ष (महिला)-रेणु गुप्ता, उपाध्यक्ष ( मा शि)- राजेश शर्मा, , उपाध्यक्ष (संस्कृत शिक्षा)- विजय सिंह मीणा, सचिव ( माशि)- अनन्त जैन, सचिव (प्राशि)- रमेश मीणा, सचिव ( संस्कृत शिक्षा)- शिवशंकर मिश्रा, सचिव ( महिला) -लक्ष्मी गोस्वामी, मंत्री- जगरुप सिंह, मंत्री (महिला) मंजू वर्मा, अतिरिक्त मंत्री- ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष- देवेंद्र कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य- सुरेन्द्र पटेल, रामचरण मीणा, मोनू जाटव, ललतेश शर्मा, संगीता गोड़, सोनू नरूका, पुष्पेन्द्र गर्ग, दिनेश सैनी, गिर्राज सिंह,शिब्बोराम सोनी, ताराचंद मीणा, राजीव शर्मा निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा व देवेंद्र शर्मा का सानिध्य रहा।

### सूर्य नगर में संत निवास का भूमि पूजन 15 दिसंबर को

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से श्रीमुनिसुब्रत दिगम्बर जैन मंदिर परिवहन नगर, सूर्य नगर में संत निवास की भूमि पूजन व शिलान्यास के लिए आचार्य ज्ञान भूषण गुरुदेव को श्रीफल भेंट किया गया।

श्रीमुनिसुब्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर परिवहन नगर, सूर्य नगर अलवर के महामंत्री नरेन्द्र जैन रामगढ़ ने बताया कि अलवर जैन समाज के सैकड़ों श्रावक श्राविकाओं द्वारा जैकमपुरा,गुरुग्राम जाकर आचार्य श्री को श्रीफल भेंट किया गया जिसमें आचार्यश्री द्वारा 15 दिसंबर 2024 को संत निवास भवन की भूमि पूजन की स्वीकृति प्रदान की गई। संत निवास का शान्ति सागर स्मृति संत भवन नामकरण करने की आचार्य ज्ञान भूषण गुरुदेव घोषणा की गई।

इस अवसर पर बाबा ज्ञानचंद जैन, अशोक जैन अगोनीज अध्यक्ष, अनिल जैन मुंशी बाग पूर्व अध्यक्ष, विजय जैन पूर्व अध्यक्ष, नीरज जैन अरिहंत पब्लिसिटी, मगन जैन हरि साउंड, संजय जैन नौगांवा, अनिल जैन सुपारी, अजीत जैन आदिनाथ सीमेंट, राकेश जैन अगौन वाले, घनश्याम जैन, मुकेश जैन शालीमार, अजीत जैन, विपिन जैन, अशोक जैन न्याय विभाग, केसरी जैन सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित हुए।

### रामगढ़ उपचुनाव के लिए जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**अलवर, 21 अक्टूबर ( निसं )।** रामगढ़ उप चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ स्थित रघुवंश रिसॉर्ट में शाम 4 बजे आयोजित होने वाली मीटिंग के मुख्य अतिथि एआईसीसी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं AICC प्रभारी सचिव चिरंजीव राव होंगे।

इसके अलावा बैठक में मुख्य रूप से रमेश खंडेलवाल संभाग प्रभारी, जसवंत सिंह गुर्जर पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी, भजनलाल जाटव सासंद, संजना जाटव सासंद, धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक रोहित बोहरा, विधायक रूपेंद्र सिंह कुन्नर, विधायक विकास चौधरी, विधायक ललित यादव, विधायक दीपचंद खैरिया, विधायक कांति मीना, विधायक मांगेलाल मीना, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, विधायक प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी के पदाधिकारी एवं सदस्य, सैक्टर इंचार्ज, ग्राम एवं वार्ड इंचार्ज, DCC के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान एवं पूर्व प्रधान, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य,कांग्रेस विचारधारा के सरपंच, कांग्रेस के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहेंगे।

### ब्रिगेडियर प्रशांतनु सिंह के छोटे भाई का निधन

**मालाखेड़ा, 21 अक्टूबर ( निसं )।** उपखंड क्षेत्र के सताना गांव निवासी



ब्रिगेडियर प्रशांतनु सिंह के छोटे भाई शांतनु सिंह का हार्ट अटैक से अचानक निधन हो गया। जहां मुखाग्नि उनके भतीजे ने दी। इस दौरान सभी की आंखें दुख की इस घड़ी से नम हो गई। उदयपुर से गांव में लाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। दुख की घड़ी में श्याम गंगा स्टैंड पर बहुत सी दुकान बंद रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

मेजर सुल्तान सिंह की स्मृति में इस परिवार की ओर से वर्ष में दो बार निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर मेडिकल शिविर, पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने शुरू किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से जिला अंधता निवारण टीम तथा दिल्ली और अलवर के चिकित्सकों के सहयोग से हजारों लोगों के नेत्रों ऑपरेशन करवाए गए। वहीं गरीब परिवार की बालिकाओं के शादी में सहयोग किया तथा कई निर्धन परिवार के बच्चों को पढ़ाकर उन्हें काबिल भी बनाया। जहां डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र सिंह का भी अचानक गत वर्षों में निधन हो गया। जहां उनकी इस समाज सेवा की परंपरा को उनके पुत्र शांतनु सिंह निभाकर जनता की सेवा कर रहे थे। जिनका हार्ट अटैक से निधन हो गया और रविवार को पैतृक गांव सताना में अंतिम संस्कार किया। जहां बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। शांतनु कुमार सिंह के संतान नहीं थी। भतीजे ने मुखाग्नि दी जो ब्रिगेडियर प्रशांतनु सिंह के पुत्र हैं।

इस अवसर पर डॉ दिलीप सिंह नरूका, तेज सिंह नरूका सहित पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, राजेंद्र सिंह, जनक सिंह बीकानेर जयपुर जोधपुर अजमेर से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पॉवर लिफ्टिंग में दो मेडल

**कोटकासिम, 21 अक्टूबर ( निसं )।** गोवा में 14 से 18 अक्टूबर में आयोजित पॉवरलिफ्टिंग इंडिया नेशनल बैंच प्रेस प्रतियोगिता में कोटकासिम निवासी विजय सोनी ने दो मेडल प्राप्त कर कोटकासिम क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



जानकारी के अनुसार गोवा में 14 से 18 अक्टूबर में आयोजित पॉवरलिफ्टिंग इंडिया नेशनल बैंच प्रेस प्रतियोगिता कोटकासिम निवासी विजय सोनी ने 74 किलो भार वर्ग में कामयाबी हासिल कर 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल.टॉवर3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित करा कर सांध्य ज्योति दर्पण कार्यालय केडलगंज , अलवर से प्रकाशित है। संपादक सी.पी. सैनी, फोन नं. 0144-2335105, 2701531 जयपुर कार्यालय : संसार चन्द्र रोड, जयपुर, निदेशक : बी.एम.शर्मा, सम्पादक : महेन्द्र यादव - फोन : 2364412, 2361816, फैक्स : 0141-2361816। नागौर कार्यालय - 1/44 व्यास कॉलोनी, नागौर - सम्पादक : रमेश जैन, फोन : 240071 फैक्स- 01582-240071, भरतपुर कार्यालय - कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780, पोस्टल रजि.नं. आरजे-779, आरएनआई नं. 48648/90